तापमान

अधिकतम 40.5 डिग्री

न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 जून 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



शनिचरी में चौपाटी के पास चल रहा बैराज निर्माण कार्य

## खबर संक्षेप

### आज कहीं-कहीं वज्रपात अंधड़-बारिश की संभावना



**बिलासपुर।** मौसम विभाग द्वारा गुरूवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश व अंधड़ चलने व कहीं-कहीं वज्रपात होने की संभावना भी जाहिर की गई है। बुधवार को पूरे दिन शहर में तेज धूप खिली रही, लेकिन समय-समय पर आसमान में छाई बदली से आंशिक राहत भी मिलती रही। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के अगले चौबीस घंटों में आगे बढ़कर विस्तारित होने की परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा ऊपरी हवा का चक्रीय परिसंचरण उत्तर पूर्व उत्तरप्रदेश व उसके आसपास डेढ़ किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित होने की बात कही गई है। छत्तीसगढ़ में अगले चौबीस घंटों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा कहीं-कहीं वज्रपात होने की संभावना भी जाहिर की गई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान में कहीं हल्का उतार-चढ़ाव होने, लेकिन कोई खास बदलाव नहीं होने की बात कही गई है। बुधवार को शहर का मौसम पूरे दिन तेज धूप वाला रहा। इस दौरान कुछ समय के लिए आसमान पर बदली भी छाती रही। गर्मी ने पूरे दिन लोगों को परेशान किया, लेकिन बिजली की आंखमिचौली से गर्मी का प्रभाव और अधिक बढ़ गया। शहर में कई स्थानों पर लगातार बिजली सप्लाई बाधित की गई।

### फरार आरोपियों की सूचना देने पर मिलेगा ईनाम

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के थाना रतनपुर में दर्ज अपराध के आरोपी हिर्री थाना मस्तूरी निवासी शिवचरण केंवट पिता जग्गू केंवट उम्र 24 वर्ष एवं शिवा उर्फ पप्पू केंवट उम्र 23 वर्ष के संबंध में सूचना देने वाले को 5 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिलासपुर, पुलिस नियंत्रण कक्ष बिलासपुर,थाना प्रभारी रतनपुर को सूचना दे सकते है।

### पीएम बाल पुरस्कार हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों और युवाओं को दिया जाता है जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला हो। पुरस्कार के लिए आवेदक की आयु 31 जुलाई 2026 तक 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके साथ ही आवेदक भारतीय नागरिक हो व भारत में निवास करता हो। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

### शासकीय आईटी में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए एकवर्षीय एवं द्विवर्षीय व्यवसायों जैसे-कोपा, विद्युतकार, फिटर, शीट मेटल वर्कर, स्टेनो हिन्दी, स्टेनो अंग्रेजी, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रिक व्हीकल सहित कुल 32 व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 जून तक विभागीय वेबसाइट पर जाकर कर सकते है। अन्य किसी भी जानकारी के लिए संस्था में संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

# बांध के लिए जमीन दी, 14 साल से मुआवजे के लिए भटक रहे 40 आदिवासी

**सीपत तहसील के पोंड़ी गांव का मामला** सिंचाई विभाग ने अधिग्रहित की थी जमीन, कलेक्टर बोले- प्रकरण मेरी जानकारी में, जल्द मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी में बांधा जलाशय के चौड़ीकरण के नाम पर सिंचाई विभाग द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। जमीन अधिग्रहण को आज 14 साल बीच चुके हैं, लेकिन प्रभावित 40 आदिवासी किसानों को आज तक मुआवजे की राशि नहीं मिल सकी है। कलेक्टर ने किसानों से प्रकरण को अपनी जानकारी में होने व जल्द ही मुआवजा राशि के भुगतान की बात कही है।

अलग खबर



सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन के अंतर्गत सीपत तहसील के पोंड़ी गांव में 14 साल पहले गांव के ही बांधा जलाशय का चौड़ीकरण किया गया था। उस दौरान गांव के चालीस आदिवासी किसानों की निजी भूमि अधिग्रहित की गई थी। भूमि अधिग्रहण के बाद विधिवत मुआवजा भुगतान नहीं होने से परेशान किसानों ने विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाना शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इन चौदह वर्षों में सिंचाई विभाग, एसडीएम कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय के दर्जनों बार चक्कर लगाए हैं। हर बार इन्हें जल्द भुगतान का आश्वासन देकर विदा कर दिया जाता था। इस बार भी इसी आस में उन्होंने बड़ी संख्या में आकर कलेक्टर से मुलाकात कर मुआवजा भुगतान की मांग की थी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रकरण को अपनी जानकारी में होने एवं जल्द ही सारे किसानों को मुआवजा भुगतान कर देने की बात कही है।

### इसलिए हुई देरी

भूमि अधिग्रहण होने के बाद मुआवजा राशि भुगतान होने में चौदह साल लग जाने के संबंध में सिंचाई विभाग का कहना है कि योजना में प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल सकी थी। काफी समय के बाद बाद प्रशासकीय स्वीकृति मिली व राशि प्राप्त हुई। राशि जमा की जा चुकी है, जिसके बाद सारे किसानों का अवार्ड होना है। पूरी संभावना है कि सारे किसानों से भूमि की रजिस्ट्री करवाकर भुगतान जल्द ही हो जाएगा।

### इसी महीने मिल जाएगा मुआवजा

इनका मुआवजा प्रकरण बन चुका है। हमने राशि भी जमा कर दी है। कलेक्टर का हस्ताक्षर होना है। इसके बाद भुगतान हो जाएगा। पूरा प्रयास है कि जून महीने में ही सभी किसानों का भुगतान हो जाए।

**- एमके चंद्रा,** ईई खारंग डिवीजन

**मंत्री बंगले का घेराव :** पुलिस की बस के ऊपर चढ़ गए भिलाई विधायक, लाठीचार्ज में कई घायल

# एनएसयूआई पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मचाया हंगामा, पुलिस ने भांजी लाठी



**पुलिस ने घसीटा, यादव का फटा कुर्ता लाठीचार्ज में दर्जनों कांग्रेसी घायल**





आंदोलनकारियों पर पानी की बौछार करते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नीट पेपर लीक मामले में एनएसयूआई द्वारा बुधवार को बिलासपुर में बिलासपुर सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के बंगला का घेराव करने के बाद नेहरू चौक पर अनियंत्रित भीड़ और पुलिस के बीच भिड़ंत हो गई, हंगामा मचा रहे एनएसयूआई पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जमकर लाठी भांजी, लाठीचार्ज में दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता घायल हो गए। आंदोलन कर रहे लगभग एक दर्जन लोगों को पकड़कर पुलिस कोनी थाना ले गई। बाद में इन्हें छोड़ दिया गया।

नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को मंत्री बंगले के घेराव की घोषणा की थी। इसे देखते हुए पुलिस ने मंत्री बंगले के अलावा आसपास के इलाके नेहरू चौक और कलेक्टोरेट रोड पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की थी। निर्धारित समय पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे की अगुवाई में नेहरू चौक पर सभा आयोजित की गई, इसके बाद एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की भीड़ ने मंत्री बंगला की ओर कूच किया, बंगले को टीन की ऊंची दीवार से घेर दिया गया था। मंत्री बंगले के पास आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई, कुछ लोग स्टॉपर के ऊपर चढ़कर बेरिकेड को पार करने का प्रयास करने लगे, जिसे रोकने के लिए पुलिस द्वारा वॉटर केनन से पानी की बौछार की गई। पानी की बौछार से भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव भी नीचे गिर गए और उनका कुर्ता भी फट गया। इसके बाद पुलिस के अधिकारियों और एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, पुलिस के जवानों ने भी भीड़ को हटाने का प्रयास किया। यह आंदोलन करीब घंटेभर चला और इस दौरान आधी भीड़ वहां से जा चुकी थी। शाम करीब 7 बजे अचानक भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव अपने साथ प्रदर्शनकारियों की भीड़ लेकर कलेक्टोरेट की ओर आगे बढ़ने लगे, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोका। इससे नाराज होकर कांग्रेस नेता नेहरू चौक पर धरना में बैठ गए, पुलिस उन्हें उठाने का प्रयास करने लगी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस बीच पुलिसवाले कुछ प्रदर्शनकारियों को उठाकर बस में बैठाने लगे। इससे विवाद बढ़ा और पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए जमकर लाठी भांजी, इससे चौराहे पर भगदड़ मच गई। लाठीचार्ज में कई एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ता घायल हो गए। इस बीच पुलिस ने लगभग एक दर्जन लोगों को पकड़ लिया।

### सभा में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से मांगा इस्तीफा

- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। वहीं सभा को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि यह छोटी लड़ाई नहीं है बल्कि देश के भविष्य को बचाने की लड़ाई है और शिक्षा माफियाओं के खिलाफ लड़ाई है।
- एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि एनएसयूआई नीट मामले पूरे देशभर में आंदोलन कर रही है। इसी कड़ी में आज बिलासपुर की धरती में राष्ट्रीय अध्यक्ष के उपस्थिति में यह आंदोलन होने जा रहा है, जिसमें एक आवाज एक ताकत उठनी चाहिए जिससे केन्द्रीय मंत्री को इस्तीफा देना पड़े।
- कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि ये सरकार विश्वविद्यालयों में आरएसएस के लोगों को वाइस चांसलर बना रही है और महाविद्यालयों में आरएसएस के लोगों को भर्ती कर रहे हैं ताकि विचारधारा को बदला जा सकें। इसके खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करना है।
- भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि नीट एग्जाम में जो धांधली हुई है और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है, उसके खिलाफ एनएसयूआई मजबूती से आवाज उठा रही है, इसलिए पूरी ताकत से बेरिकेड को पार करके उस पार जाना है और प्रशासन को दिखाना है कि छात्रों के साथ सरकार को अन्याय हम करने नहीं देंगे।

### देवेन्द्र को बस में ले गई पुलिस

आंदोलन समाप्ति की ओर था और आंदोलन में शामिल कई नेता वहां से जा चुके थे, किन्तु भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव पुलिस बस के ऊपर चढ़कर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ को उकसाने लगे। इस पर तुरंत कुछ पुलिस वाले भी बस के ऊपर चढ़ गए और देवेन्द्र यादव को नीचे उतारने लगे। पुलिस द्वारा देवेन्द्र यादव सहित कुछ और प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वहां से ले गए और पुलिस द्वारा बल प्रयोग करते हुए लाठी चलाने के बाद ही वहां से प्रदर्शनकारियों की भीड़ तितर-बितर हुई और उनका आंदोलन समाप्त हुआ।

### तीन स्टेप पर लगाए गए थे बेरिकेड

बिलासपुर सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री के बंगला घेराव के पहले नेहरू चौक पर सभा हुई। उसके बाद बड़ी संख्या में एनएसयूआई समेत युवा कांग्रेस और कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ मंत्री के बंगला की ओर कूच किया। भीड़ को रोकने के लिए नेहरू चौक के पहले स्टॉपर से बेरिकेड लगाया गया था, जिसे पार करके भीड़ आगे बढ़ गई, किन्तु मंत्री के बंगला के पहले टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर दी गई थी और पहले बेरिकेड एवं टीन की दीवार के बीच एक और बेरिकेड लगाया गया था, जहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे।



### विधायक, पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता रहे आंदोलन में शामिल

नीट पेपर लीक मुद्दे को लेकर एनएसयूआई के इस आंदोलन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे सहित भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रमोद नायक, जावेद मेमन, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, लक्की मिश्रा, रंजनेश सिंह, अर्पित केशरवानी, विकास सिंह, तनमीत छाबड़ा सहित एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री लेंगे पांच जिलों की रिव्यू मीटिंग आज

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार के तहत गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री कलेक्टोरेट स्थित मंथन सभाकक्ष में बिलासपुर समेत पांच जिलों के अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग लेंगे, जिसकी तैयारी में आज पूरा प्रशासनिक अमला लगा रहा।



- सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री का बिलासपुर दौरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बिलासपुर आगमन को लेकर इंतजार अब समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री का सुशासन तिहार तहत गुरुवार को दौरा होने जा रहा है, जिसके तैयारी की सूचना ऊपर से मिल गई है। इसलिए आज प्रशासन का पूरा अमला मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारी में जुटा रहा। मुख्यमंत्री श्री साय शाम करीब 4 बजे हेलीकाप्टर से आएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमूनगर बंधवा तालाब स्थित ईशिका पार्क में सुशासन शिविर में शामिल होकर जनता से रूबरू होंगे। इसी शिविर में मुख्यमंत्री विभिन्न विकास, निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय दयालबंद मधुबन में भी निरीक्षण करने जाएंगे जहां पर एजुकेशन हब बनाने का कार्य चल रहा है। इन दोनों जगह के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री का काफिला कलेक्टोरेट पहुंचेगा, जहां मंथन सभाकक्ष में मुख्यमंत्री रिव्यू मीटिंग लेंगे।

### ये पांच जिले के अधिकारी होंगे शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर कलेक्ट्रेट में शाम को पांच जिलों के अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग लेंगे। इसमें बिलासपुर जिला सहित जीपीएम, मुंगेली, सक्ती व सारंगढ़-गडंई जिला के विभिन्न शासकीय विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री इन जिलों में शासकीय विभिन्न योजनाओं के कामकाज की समीक्षा करेंगे।

## तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त, आज से लौटेंगे

**बिलासपुर।** पिछले चार दिनों से चल रही नायब तहसीलदार व तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त हो चुकी है। गुरूवार से सारे अधिकारी अपने-अपने कार्यस्थल पर लौट जाएंगे। बुधवार को संघ के पदाधिकारियों की शासन स्तर पर हुई चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है।

नायब तहसीलदार के साथ सीतापुर विधायक द्वारा की गई मारपीट के बाद विधायक के खिलाफ थाने अपराध दर्ज होने व गिरफ्तारी की मांग को लेकन प्रदेश के सभी पांच सौ नायब तहसीलदारों व तहसीलदारों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। इसके तहत जिले के भी 37 अधिकारी इस हड़ताल में शामिल थे। हड़ताल को लगातार न केवल विभिन्न संगठनों का समर्थन मिल रहा था, बल्कि वे भी हड़ताल में शामिल होते जा रहे थे। इसके तहत पटवारी और राजस्व निरीक्षकों ने भी हड़ताल में शामिल होने की सहमति दे दी थी। इस मामले में बुधवार को शासन स्तर पर कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ के पदाधिकारियों की चर्चा में संबंधितों की जल्द गिरफ्तारी व कार्रवाई के आश्वासन के बाद कनिष्ठ अधिकारी संघ ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है। इस दौरान संघ ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पंद्रह दिवस के भीतर संबंधितों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में संघ पुनः आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होगा।

- शासन से सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया निर्णय

**खाद की कमी की अफवाह के बाद किसानों में मची होड़**

# सहकारी समितियों में खाद के लिए उमड़ी भीड़, घंटों करनी पड़ रही मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद की कमी होने की अफवाह के बाद किसानों में जल्द से जल्द खाद ले लेने की होड़ सी मची हुई है। लिहाजा सहकारी समितियों में इन दिनों खाद लेने वाले किसानों की भारी भीड़ नजर आ रही है। हालांकि कृषि विभाग द्वारा खाद का पर्याप्त भंडारण होने एवं समय से पहले ही उठाव कर लेने की अपील की गई थी, लेकिन किसानों की भीड़ समितियों में एकाएक पहुंचने लगी।

एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल के बाद अब जिले में किसान खाद के लिए पैनिक नजर आ रहे हैं। परिणामस्वरूप सहकारी समितियों में किसानों की भारी भीड़ नजर आ रही है। सहकारी समितियों में चूंकि नगद लेनदेन नहीं होता, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से खाद जारी की जाती है। ऐसे में खाद देने के पहले पूरी प्रक्रिया करनी पड़ती है, जिससे एक-एक किसान के प्रकरण तैयार करने में काफी समय लग रहा है, जिससे समितियों में किसानों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।



जिले में सहकारी समितियों में अभी यही हालत है। किसान बड़ी संख्या में खाद लेने पहुंच रहे हैं। अभी मानसून की पहली बारिश भी नहीं हुई है, लेकिन किसानों का खाद के लिए इस तरह परेशान होना इस बात का प्रमाण है कि लोग पैनिक हो रहे हैं। जिले मे अब तक यही देखा गया है कि मानसूनी बारिश प्रारंभ होने व जुताई होने के बाद ही किसान खाद के लिए सहकारी समितियों में पहुंचते हैं, लेकिन इस साल जून के पहले सप्ताह में ही भारी भीड़ जुटने लगी है। जिले में इस साल लगभग 69 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके विरूद्ध अब तक 46 हजार 780 मीट्रिक टन खाद का भंडारण भी किया जा चुका है। जिले में अब तक किसानों के द्वारा 19 हजार 913 मीट्रिक टन खाद का वितरण भी किया जा चुका है। वितरण की यह मात्रा यह बता रही है कि किसान बड़ी गंभीरता के साथ इस साल समय से पहले ही खाद का उठाव कर रहे हैं।

### पर्याप्त खाद बीज

जिले में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं है। किसान नैनो यूरिया, नैनो डीएपी व हरी खाद जैसे विकल्पों की मदद भी ले सकते हैं। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति में भी बढ़ोतरी होगी।

**- पीडी हथेश्वर**
डीडीए बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### लाठीचार्ज में घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे कोटा विधायक



**बिलासपुर।** एनएसयूआई के आंदोलन में पुलिस के लाठीचार्ज से कई कार्यकर्ता घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बुधवार की रात इन घायल कार्यकर्ताओं से मिलने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, प्रवक्ता अभय नारायण राय सहित अन्य नेता अस्पताल पहुंचे और इनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### नगर निगम में चल रहा स्वनिधी महोत्सव ,वेंडर्स को मिलेगा ऋण

**बिलासपुर।** नगर निगम बिलासपुर में 1 जून से 30 जून 2026 तक स्वानिधी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।भारत सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस महोत्सव के तहत विशेष शिवरों का आयोजन किया जाएगा,जिसमें अधिक से अधिक शहरी पथ विक्रेताओं को स्वनिधी ऋण,ऑनलाइन भुगतान,पूर्व में प्रस्तुत किए गए ऋण आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही वेंडर्स को शासन की अन्य जन्यकल्याणकारी योजनाओं को से जोड़ने के लिए सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग की जाएगी।योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पहली किश्त के रूप में 15 हजार रूपए,द्वितीय किश्त में 25हजार रूपए और तृतीय किश्त में 50हजार रूपए के लिए आव्दन कराया जाएगा।नगर पालिका निगम आयुक्त ने नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहरी पथ विक्रेताओं को अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।



### पुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य से ट्रेन परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के खोरधा रोड मंडल अंतर्गत पुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य किया जाएगा, जिसके कारण एसईसीआर से चलने और रवाना होने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे के अनुसार यह गार्ड 5 से 17 जून यानि 12 दिनों तक करने के कारण गाड़ियां पुरी के स्थान पर मालतीपाटपुर स्टेशन पर समाप्त और शुरु की जाएगी। 7 व 14 जून को एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12145 एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस, मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त होगी। 9 व 16 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12146 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एलटीटी एक्सप्रेस, मालतीपाटपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी। 5 व 12 जून को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त होगी। 8 व 15 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी। 3, 10, व 17 जून को गांधीधाम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22973 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त होने के बाद 6, 13 व 20 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22974 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी। 9 व 16 जून को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस हमसफर एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त करने के बाद 4, 11 व 18 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से रवाना की जाएगी। इसके अलावा 7 व 14 जून को श्री गंगानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20471 श्रीगंगानगर-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त होगी। वहीं 10 व 17 जून को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20472 पुरी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से प्रारम्भ की जाएगी।



### थल सैनिक सलेक्शन कैंप में शामिल हुए 20 कैडेट्स

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर में 1 से 10 जून तक आयोजित थल सैनिक चयन शिविर टीएससी में डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के 20 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी संदीप सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर कैडेट्स की नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं सैन्य कौशल के मूल्यांकन का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि चयनित कैडेट्स उत्साह के साथ शिविर में भाग ले रहे हैं तथा बेहतर प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नशेड़ी ने युवक को मारा चाकू, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** मैदान की ओर जा रहे युवक को बुलाकर एक नशेड़ी युवक ने मारपीट कर पैर में चाकू मार दिया है। घायल युवक को सिम्स में भर्ती कराया गया है। चिंगराजपारा निवासी राहुल रजक पिता सुनील रजक 16 साल 3 जून की शाम 6.30 बजे मैदान की ओर जा रहा था। इसी दौरान नशे में आशीष साहू नामक युवक ने उसे बुलाया और मारपीट करते हुए पैर में चाकू से हमला कर दिया। परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

---

**सप्लीमेंट्री परीक्षा ले रहा माशिमं** — पूरक, अनुत्तीर्ण और उत्तीर्ण छात्र जो श्रेणी सुधार करना चाहते हैं, वे बैठेंगे पूरक में

# 41 हजार फेल और 17 हजार पूरक छात्रों का पुनर्मूल्यांकन रिजल्ट जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीजी बोर्ड की परीक्षा में 41 हजार से ज्यादा स्टूडेंट फेल हो गए हैं। इसके साथ ही 17 हजार छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है। इन छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है। इसका रिजल्ट अभी माशिमं ने जारी नहीं किया है छात्र इंतजार में है।

इससे पहले ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सप्लीमेंट्री परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। इससे यह छात्र चिंतित हो गए हैं। इनमें से कुछ छात्रों ने माशिमं के संभागीय मुख्यालय में जाकर जानकारी भी ली। अधिकारियों ने परीक्षा से पहले रिजल्ट जारी करने का आश्वासन देकर चलता कर दिया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय मुख्य/अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी है। इसमें हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होगी और 22 जुलाई तक चलेगी। हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 9 जुलाई से शुरू होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक है।



### पूरक, अनुत्तीर्ण और उत्तीर्ण छात्र बैठेंगे

अधिकारियों के अनुसार अभी तक सभी विषय में फेल विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा में दोबारा बैठने के लिए एक साल का इंतजार करना होता था। अब लेकिन अधिकारियों के अनुसार दूसरी मुख्य परीक्षा में वे सभी विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जो प्रथम मुख्य परीक्षा 2026 में पंजीकृत थे। इनमें पूरक, अनुत्तीर्ण विद्यार्थी और उत्तीर्ण छात्र जो श्रेणी सुधार करना चाहते हैं। इसके अलावा मुख्य परीक्षा 2025 में पहली बार पंजीकृत होकर अनुत्तीर्ण या पूरक आए विद्यार्थी भी क्रेडिट योजना के तहत पात्रतानुसार अनुत्तीर्ण विषयों के लिए आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड की ओर से कहा गया है कि नियमित परीक्षार्थियों को आवेदन अपने विद्यालय के माध्यम से करना होगा, जबकि स्वाध्यायी और अवसर परीक्षार्थी समन्वय संस्थाओं के जरिए आवेदन कर सकेंगे।

### टाइम टेबल जारी कर दिया गया है

हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की द्वितीय मुख्य,अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होगी और 22 जुलाई तक चलेगी। इसका टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। जिन छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है उनके रिजल्ट जल्द जारी होंगे।

**- संगीता गंगोत्री**, संभागीय अधिकारी, माशिमं

---

बृहस्पति बाजार में भारी अव्यवस्था का आलम

# पार्किंग स्थल पर लग रहीं दुकानें, कार्रवाई बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के प्रमुख और व्यस्तम सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार में आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालात ऐसे है कि बाइक,स्कूटी पार्क करने की जगह भी नहीं बच रही है जिससे ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े करने को मजबूर हैं। जहां पर पार्किग का बोर्ड लगा है, वहीं पर लग रहीं दुकानें, जबकि बाजार में व्यापारियों को शेड मिला है, लेकिन बाहर पार्किंग स्थल पर ही दुकानें लगाने से पूरी पार्किंग की जगह पर कब्जा हो गया है।

शेड लगाने वाले व्यापारी नगर निगम को औसतन सालाना 10 से 12 हजार का टैक्स पटाते हैं। बाजार में हो रही असुविधाओं के लिए नगर निगम के कार्रवाई न करने से पार्किंग स्थल भी अब सब्जी और फलों की दुकानों के कब्जे चला गया है। दिन में 11 बजे से शाम 4 बजे तक सन्नाटे की स्थिति रहती है लेकिन शाम होते ही भीड़ बढ़ जाती है जिससे अचानक पार्किंग की परेशानी बढ़ जाती है ।




बृहस्पति बाजार शिवाजी चौक के सामने पार्किंग स्थल पर लगाई गई सब्जी की दुकानें।

### एक नल पर निर्भर पूरा बाजार

मई के इस तपने वाले महीने में बाजार की सबसे बड़ी जरूरत पानी है, लेकिन पूरे बृहस्पति बाजार में पानी का सिस्टम पूरी तरह बदहाल है। पूरा बाजार सिर्फ एक नल पर निर्भर है। व्यापारियों न मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए बाजार में अतिरिक्त नल या वॉटर कूलर की प्रबंध किया जाए।



**की जाती है कार्रवाई**

बृहस्पति बाजार के बाहर लगातार कार्रवाई की जाती है, उसके बाद भी फुटकर सब्जी विक्रेता दुकान लगा लेते हैं, कई बार सुबह 4 बजे से ये विक्रेता जम जाते हैं, यहां पार्किंग खाली कराने के लिए फिर कार्रवाई की जाएगी।

**-रामगोपाल करियारे**, एएसपी ट्रैफिक

### बिजली के नाम पर हो रही है अवैध वसूली

बाजार में एक और बड़ा खेल सामने आया है मीटर वाले बड़े दुकानदार जमीन पर बैठकर दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं से हर दिन 20 रू की दर से लाइट का अवैध बिजली बिल वसूल रहे हैं। नगर निगम ने पॉलीथीन बैन कर दिया है, लेकिन दुकानदार और ग्राहक पॉलीथीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। बृहस्पति बाजार के अध्यक्ष अनुराग केसरवानी ने बातचीत के दौरान बताया कि सफाई नियमित रूप से नहीं होती है, जिससे गंदगी फैलती है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। पार्किग स्थल से दुकाने हटवाने के लिए नगर निगम को आवेदन पूर्व में दे चुके है लेकिन नगर निगम दुकाने हटवाने में असफल है।

### नहीं होती नियमित साफ-सफाई

व्यापारियों का कहना है कि चबूतरे और शेड में दुकान लगाने वाले सालाना टैक्स का भुगतान करते हैं, जिसमें साफ-सफाई का कर जुड़ा होता है, परन्तु नियमित सफाई नहीं होने से कचरा फैला रहता है, कई बार बदबू भी आने लगती है। सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम के अंडर में है परन्तु नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होने से कचरे और खराब सब्जियों की दुर्गंध पूरे बाजार में फैल जाती है, जिससे ग्राहकों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम, 100 इंजेक्ट वेल का निर्माण कार्य तेज़ी से जारी



**बिलासपुर।** शहर में वर्षा जल के संचय, भू-जल स्तर में वृद्धि, जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा एक महत्वाकांक्षी अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 100 इंजेक्ट वेल का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे वर्षा के जल का अधिकतम संरक्षण कर उसे सीधे भू-गर्भ में पहुंचाया जा सके।

इस जनहितैषी एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान में क्रेडाई बिलासपुर तथा नगर निगम ठेकेदार संघ भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। दोनों संस्थाओं द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए 50-50 इंजेक्ट वेल निर्माण में सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे शहर में जल संरक्षण के इस महाअभियान को नई गति मिली है। इंजेक्ट वेल की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्थल पर आवश्यक पर्कुलेशन टैंक एवं डिसिल्टिंग टैंक का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। इसके लिए निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने निगम के सभी आठों जोनों को आवश्यक राशि जारी कर दी है, ताकि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए और सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जा सकें।

■ अब तक 35 इंजेक्ट वेल का निर्माण पूरा कर लिया गया है

## तीनों डिवीजन में आटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य 180 किलोमीटर पूरा

**बिलासपुर।** रेलवे ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन में करीब 180 किलोमीटर आटोमेटिक सिग्नलिंग का काम पूरा कर लिया है, जिससे एक ट्रैक पर अब एक के पीछे एक तीन से चार ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

संरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से परंपरागत सिग्नलिंग प्रणाली के स्थान पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग ईआई एवं आटोमेटिक सिग्नलिंग जैसी उन्नत तकनीकों का तीव्र गति से विस्तार किया गया है, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना न्यूनतम हुई है। इसके तहत इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग नई स्थापना में 11 स्टेशन पर वर्ष 2025-26 में कार्य किया गया है। इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली स्थापित करने से जटिल यार्ड संरचनाओं में भी सुरक्षित व निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित हुआ है, जिसमें गोंदिया में 506 रूट पर, उरगा पर 46 रूट पर, किरोड़ीमलनगर में 223 रूट पर, कोधारी रोड में 41 रूट पर, रायगढ़ स्टेशन में 286 रूट पर, सारागांव देवरी में 117 रूट पर, चक्रधरनगर में 174 रूट पर, कुरूद में 32 रूट पर, बाराद्वार में 198 रूट पर, पेण्ड्रारोड में 226 रूट पर एवं बालपुर रोड में 26 रूट पर कार्य किया गया है। वहीं 25 स्टेशन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग में संशोधन कार्य कर संरक्षा मानकों को सुदृढ़ किया गया है, जिससे सिग्नलिंग सिस्टम की विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है। इसके अलावा पैनल इंटरलाकिंग का कार्य 9 स्टेशनों पर करने के साथ आटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य 186 किलोमीटर तक किया गया है। प्रमुख सेक्शन में दगोरी से निपनिया के बीच 18 किलोमीटर, गुदमा से गंगाझरी के बीच 26 किलोमीटर, उरकुरा से सरोना के बीच 11 किलोमीटर, कोतरलिया से जामगा के बीच 27 किलोमीटर तक, चांपा से सारागांव तक 20 किलोमीटर, रायगढ़ से चक्रधरपुर और कोतरलिया के बीच 30 किलोमीटर तक, निपनिया से भाटापारा के बीच 30 किलोमीटर और रायगढ़ से जेएसपीएल और किरोड़ीमलनगर के बीच 24 रूट किलोमीटर तक सिग्नलिंग कार्य हुए हैं।

---

उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष एवं गर्व का वातावरण

# सीवीआरयू के एनसीसी कैडेट्स का भारतीय थल सेना में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के चार एनसीसी कैडेट्स का भारतीय थल सेना में चयन हुआ है। चयनित कैडेट्स अब अपनी आगामी सैन्य प्रशिक्षण प्रक्रिया के तहत दिल्ली एवं बेंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है। चयनित कैडेट्स में शुभम यादव, अभय राजपूत, नीरज कुमार एवं इंद्रजीत कुमार शामिल हैं।

इन युवाओं ने कठिन प्रतिस्पर्धा, शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा एवं अन्य चयन प्रक्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। उनकी उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई एवं शैक्षणिक वातावरण की गुणवत्ता को भी दर्शाती है। भारतीय सेना में सेवा देना प्रत्येक युवा के लिए सम्मान और गर्व की बात होती है। राष्ट्र की सुरक्षा, अनुशासन, साहस और समर्पण के सर्वोच्च मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली सेना में इन विद्यार्थियों का चयन विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस सफलता ने विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी देशसेवा के लिए प्रेरित किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि भारतीय थल सेना में हमारे चार कैडेट्स का चयन विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उनकी मेहनत, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि यह सफलता दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प, नियमित अभ्यास और सकारात्मक मार्गदर्शन से बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। हमें अपने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व है। सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने कहा कि राष्ट्र की सेवा का अवसर प्राप्त करना किसी भी युवा के जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। हमारे कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा और प्रतिबद्धता से विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है।



---

### सड़क दुर्घटना में चकनाचूर पेल्विस की हड्डी का सफल आपरेशन

**बिलासपुर।** सिम्स के अस्थि रोग विभाग ने सफल सर्जरी कर 40 वर्षीय अजय पटेल को नया जीवन प्रदान किया। बिलासपुर निवासी अजय पटेल को 19 अप्रैल को बिल्हा क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आई थीं। दुर्घटना के बाद उन्हें तत्काल उपचार हेतु सिम्स बिलासपुर लाया गया, जहां जांच में उनकी दाहिनी पेल्विस में सेंट्रल हिप डिसलोकेशन के साथ एसीटैबुलम फ्रैक्चर पाया गया। वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण सिंह ठाकुर की देखरेख में मरीज का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। चोट की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. बेन के मार्गदर्शन में विशेष सर्जिकल योजना तैयार की गई। 28 अप्रैल को विशेषज्ञ टीम द्वारा सफलतापूर्वक ओपन रिडक्शन एंड इंटरनल फिक्सेशन विद राइट एसीटैबुलर रिपेयर एवं ओपन रिडक्शन ऑफ हिप जॉइंट की जटिल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के दौरान आधुनिक सी-आर्म फ्लोरोस्कोपी मशीन की सहायता से हड्डियों की स्थिति का लगातार मूल्यांकन किया गया। सी-आर्म तकनीक के उपयोग से इम्प्लांट की सही स्थिति सुनिश्चित की गई तथा हिप जॉइंट का पूर्ण एनाटॉमिकल रिडक्शन प्राप्त किया गया। टूटे हुए एसीटैबुलम की मरम्मत कर उसे स्थिर किया गया तथा जोड़ को पुनः उसकी सामान्य स्थिति में स्थापित किया गया। यह प्रक्रिया तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण मानी जाती है और इसके लिए उच्च स्तरीय सर्जिकल कौशल एवं आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता होती है। इस जटिल ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ऑपरेशन के दौरान मरीज की स्थिति को सुरक्षित एवं स्थिर बनाए रखने में टीम ने सराहनीय योगदान दिया। मरीज की ऑपरेशन पूर्व एवं पश्चात देखभाल में नर्सिंग इंचार्ज योगेश्वरी सिस्टर एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। वहीं उपचार एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह तथा अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस सफलता पर अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने इसे संस्थान की उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं, टीमवर्क और विशेषज्ञता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।



### हैदराबाद में जटिल ओपन हार्ट सर्जरी से बची बच्चे की जान

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के विकासखंड तखतपुर के चिरायु दल ने संवेदनशीलता, तत्परता और समर्पण का परिचय देते हुए छह वर्षीय मासूम टोकेशवर निर्मलकर को नया जीवन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले इस बच्चे का उपचार राज्य के बाहर हैदराबाद में अत्यंत जटिल ओपन हार्ट सर्जरी के माध्यम से संभव हो सका। उसलापुर निवासी रामायण निर्मलकर के छह वर्षीय पुत्र टोकेशवर निर्मलकर को चिरायु दल द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग अभियान के दौरान चिन्हित किया गया। प्रारंभिक जांच में बच्चे के हृदय में गंभीर जन्मजात विकार पाए गए। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिरायु दल ने उसे जिला अस्पताल बिलासपुर रेफर किया। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के बाद बच्चे को रायपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय मेकाहारा भेजा गया। मेकाहारा में विस्तृत जांच के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे के हृदय की बीमारी अत्यंत जटिल है तथा उसका ऑपरेशन राज्य के बाहर किसी सुपर स्पेशियलिटी कार्डियक सेंटर में ही संभव है। इसके बाद बच्चे को हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल में उपचार हेतु रेफर किया गया। अस्पताल के विशेषज्ञ हृदय रोग चिकित्सकों ने जांच के उपरांत बताया कि बच्चे के हृदय की स्थिति अत्यंत गंभीर है और उसे बचाने के लिए जटिल ओपन हार्ट सर्जरी करना आवश्यक होगा। मामले की गंभीरता को समझते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गरेवाल के निर्देशन मे उपचार हेतु आवश्यक दस्तावेज, मेडिकल रिपोर्ट एवं समस्त प्रशासनिक प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया गया। हैदराबाद में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 8 मई को बच्चे के हृदय की अत्यंत जटिल और जोखिमपूर्ण ओपन हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस सराहनीय कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिरायु दल एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की प्रशंसा कर कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।



### भारतीय व्यापार महोत्सव में सक्रिय भूमिका निभाएगी कैट की टीम

**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट बिलासपुर इकाई की ओर से शिव टॉकीज चौक स्थित इंडियन कॉफी हाउस में दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े स्वदेशी व्यापार महाकुंभ भारतीय व्यापार महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई । इसमें कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा और बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह एवं पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पादों के आह्वान को धरातल पर उतारने के लिए यह ऐतिहासिक प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस महोत्सव में विमेन एंड यूथ एंटरप्रेन्योरशिप के लिए एक समर्पित एग्जिबिशन जोन बनाया गया है। जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने कहा कि बिलासपुर और छत्तीसगढ़ की महिला स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प कलाकार और स्वतंत्र महिला व्यवसायियों को इस महोत्सव में स्टॉल आवंटित कराने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कैट महिला विंग एक विशेष अभियान चलाएगी। इससे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक उत्पादों, कला और संस्कृति को देश-विदेश में नई पहचान मिलेगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी एवं राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा ने जिले के सभी छोटे-बड़े व्यापारियों, स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों से अपील की है कि वे इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समय रहते अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कैट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खेंडेलवाल, सुरेंद्र अजमानी कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर पंजवानी, संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा, मंत्री मुकेश लालचंदानी प्रमोद वर्मा, संतोष पांडे, सज्जन अग्रवाल, श्रीकांत पांडे, अनिल गुप्ता, विष्णु गुप्ता, कैट बिलासपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला टीम की अध्यक्ष निहारिका त्रिपाठी, सचिव प्रतिज्ञा सिंह कोषाध्यक्ष फिरोज आलिम, कार्यकारी अध्यक्ष बबीता ताम्रकर, अनामिका दुबे, सुमन त्रिवेदी, रेशु सिंह, चुन्नी मौर्य, भूमिका डोडवानी और स्थानीय व्यापारी व महिला उद्यमी उपस्थित रहे।



हरिभूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 जून 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## दिव्यागों के लिए 5 को रोजगार मेला, मिलेगा अवसर

**बिलासपुर।** विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा दिव्यांगजनों के लिए 5 जून 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. शशि अतुलकर, उपसंचालक रोजगार, विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर ने बताया कि यंग इंडिया के तत्वावधान में यह रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार रायपुर में आयोजित होगा।




रोजगार मेले में अस्थिबाधित, बौने, कम सुनने वाले (श्रवण यंत्र की सहायता से) तथा देखने में कठिनाई वाले (चश्मे की सहायता से) दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। मेले में क्रेडालिस कैपिटल प्रा. लि., आई ट्रेड टेलीमेटिक्स निगरानी जीपीएस, रामा उद्योग प्रा. लि., बारबरिक ट्रांसफॉर्मर्स, अविनाश डेवलपर्स प्रा. लि., स्काई ऑटोमोबाइल (मारुति नेक्सा) एवं विश्वभारती ऑटोमोबाइल प्रा. लि. रायपुर सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता एवं पद के अनुसार प्रतिमाह 11 हजार रुपए से लेकर 30 हजार तक वेतन प्रदान किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यक्षेत्र रायपुर एवं सिलतरा रहेगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के ऐसे इच्छुक दिव्यांगजन, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है तथा जो बिना व्हीलचेयर के चलने-फिरने में सक्षम हैं, रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड की मूल एवं छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यक्रम

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध आयोजन एवं राज्य स्तरीय सम्मान

**बिलासपुर।** पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति, छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद वन विभाग एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर जलवायु परिवर्तन विषय पर आधारित विविध जन जागरूकता कार्यक्रमों एवं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सभागार, तिलक नगर, पुराना अरपा पुल के पास, बिलासपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनय कुमार पाठक, विशिष्ट अतिथियों में एसएस डी बड़गैया आईएफएस डॉ अभिलाषा बेहार सचिव छत्तीसगढ़



राजभाषा आयोग, समाज सेवी शैलेन्द्र सिंह कछवाहा अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

समिति के अध्यक्ष डॉ विवेक तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन संवर्धन तथा जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता के साथ प्रारंभ होगा। विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों के लिए रंग भरो, वन्यजीवन एवं पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा प्लास्टिक प्रदूषण विषयों पर चित्रकला आयोजित की जाएंगी। सायं 4 बजे काव्य गोष्ठी, 5 बजे नृत्य, गीत-संगीत एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सायं 6 बजे से आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में समाज, साहित्य, कला, पर्यावरण, पत्रकारिता, पुरातत्व संरक्षण, रंगमंच, सिनेमा तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रदेश के विभिन्न विशिष्ट व्यक्तित्वों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाली विभूतियों में डॉ गजेन्द्र तिवारी पाली, डॉ विपिन दुबे रायपुर, वीरेन्द्र पटनायक, बुधराम यादव,अंजनी कुमार तिवारी,डॉ मीनकेतन प्रधान सहित विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियां शामिल हैं।

संरक्षण

## वीआईपी पार्किंग के बजाय पेड़ों की छांव बनी पसंदीदा

**बिलासपुर।** सूरज की तपिश और भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मोहाल कर दिया है। दोपहर के समय आसमान से बरसती आग के बीच अब शहर के लोगों को सड़क के किनारे खड़े पेड़ों की कीमत समझ आ रही है। इन दिनों शहर के मुख्य इलाकों में धूप से बचने के लिए लोग सिर्फ पेड़ों की छांव ढूंढ रहे हैं। नवतपा में आलम यह है



कि जहां भी सड़क पर पेड़ की परछाई दिखती है वहां दोपहिया वाहनों को पार्क करने होड़ मच जाती है। शहर के व्यापार विहार, राजीव गांधी चौक, लिंक रोड़ और सरकंडा जैसे इलाकों में दोपहर के वक्त एक अलग नजारा देखने को मिल रहा है। लोग अपनी गाड़ी पेड़ के नीचे पार्क कर रहे हैं। इसका लोगों को दो फायदा मिल जाता है। एक तो छांव में गाड़ी सुरक्षित रहती है और इंसान को भी मिलने वाली प्राकृतिक हवा से राहत मिल जाती है। वहीं पेड़ होने का महत्व भी समझ में आ जाता है। गर्मी के इस मौसम में दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सीधी धूप पड़ने से गाड़ियों के पेट्रोल टैंक और सीट कवर एकदम गर्म हो जाता है। जिससे उस पर बैठना भी मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि अब लोग खाली पार्किंग की जगह पेड़ों की छाया वाली पार्किंग को सुरक्षित और पहली पसंद मान रहे है। डेयरी और दुकानों के आसपास लोग गाड़ियां खड़ी कर खुद भी पेड़ों के नीचे सुस्ताते नजर आते हैं। पुराने पीपल, बरगद और नीम के पेड़ इस गर्मी में मुफ्त में छाया और ठंडक दे रहे हैं।

# साइकिल रैली के साथ लिया स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प





## केंद्रीय मंत्री तोखन ने दिखाई हरी झंडी

**विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर नेहरू चौक से एक भव्य साइकिल रैली निकाली गई। रैली को केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने हरी झंडी दिखाई एवं सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संकल्प दिलाया। वहीं कलेक्टर, निगम आयुक्त, दिव्यांगजनों सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, आमंत्रित अतिथि संजय अग्रवाल कलेक्टर, प्रकाश कुमार सर्वे आयुक्त, अनिल टाह, खजांची कुमार, डॉ एलसी मढ़रिया, डॉ विनोद तिवारी, महेंद्र जैन ने स्वस्थ जीवन शैली व पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर फिटनेस, स्वच्छ पर्यावरण तथा सतत परिवहन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सभी अतिथि भी साइकल चलाते हुए समापन स्थल पहुंचे। रैली का समापन सिम्स के पीछे चौपाटी परिसर में हुआ। यह हरिहर ऑक्सीजोन, डॉ सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, अद्वैत फॉर्म इक्विटस बैंक, शोभा टाह फाउंडेशन, आशीर्वाद हॉस्पिटल, पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल, ड्रीमलैंड स्कूल, पौष्टिकम के संयुक्त आयोजन रहा। कार्यक्रम का संचालन संयोजक हरिहर भुवन वर्मा, संयोजक साइकिल रैली डॉ शंकर यादव, शिव सारथी ने किया।

### साइकिल का हो अधिकाधिक उपयोग : साहू

केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने कहा कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया।

### कलेक्टर ने साइकिल चलाने किया प्रेरित

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समाज में फिटनेस, हरित पर्यावरण और सतत विकास के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया तथा सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया एवं हर साल होने वाले इस कार्यक्रम की सराहना की।

### प्रतिभागियों का सम्मान

समापन अवसर पर खेल जगत एवं दिव्यांग वर्ग से शामिल सदस्यों एवं सभी प्रतिभागियों को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रत्येक नवरात्रि उपवास के अंतिम दिन दौड़ते हुए बिलासपुर आने वाले डॉ रंजीत सिंह पवार को अतिथियों के हाथों छत्तीसगढ़ के मिल्खा सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में डॉ सुरेश सिंह पवार, डॉ ब्रम्हेश श्रीवास्तव, डॉ गणेश खाण्डेकर, रोहित रजक, एमएल सोनी, स्काउट गाइड से अपर्णा सारखेल, संतोष त्रिपाठी, हरिहर से संजय वर्मा, किशोर दुबे, निर्मल अग्रवाल, रामेश्वर सोनी, सिकंदर रजक, अजय गंभीर, रेखा मदन मोहन गुल्ला, किरण, तारा साहू, प्रीति हितेश चौहान, पंकज कुंभज, संध्या शिव सारथी, आरती अजय रजक, कल्पना, प्रकाश गुप्ता, सन्नी सोनी, सतीश यादव, योगेश गुप्ता, मोना गणेश बोडके, संतोषी भुवन वर्मा, डॉ अन्नपूर्णा यादव, शिवांगी सिंह यादव, उप आयुक्त परवेश कश्यप, प्राचार्य ड्रीमलैंड स्कूल निवेदिता सरकार, राजू अग्रवाल, महेंद्र जैन, रिंकू भाटिया, लक्ष्मी थवाईत, प्रकाश मनहर, सिंटी अग्रवाल, बीआर कौशिक, डॉ निर्मल नायक, सिद्धेश्वर पाटनवार, सनी साहू, अजय रजक, कृष्णा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में नगर वासी व खेल प्रेमी मौजूद थे।





## संकष्टी चतुर्थी पर राममंदिर में भगवान गणेश का पूजन, अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संकष्टी चतुर्थी पर बुधवार को तिलक नगर स्थित राम मंदिर में भगवान गणेश का विशेष पूजन, अभिषेक किया गया। आज कुल 643 भक्तों द्वारा संकष्टी चतुर्थी अभिषेक कराया गया। श्रृंगार सुषमा कश्यप की ओर से करवाया गया। अंत में चने का प्रसाद बांटा गया। अभिषेक, पूजन का कार्यक्रम आचार्य मधुसूदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, वेंकटेश पाटिल, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। अभिषेक हेतु रसीद कटवाने वाले भक्तों के लिए प्रसाद पूर्ववत रहा। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 3 जुलाई शुक्रवार को होगा ।

### 643 भक्तों ने कराया अभिषेक बांटा गया चने का प्रसाद

## फायरिंग रेंज के शुरु होने से एनसीसी कैडेट्स का होगा प्रशिक्षण

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के परिसर में फायरिंग रेंज का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कुलपति प्रो वी के सारस्वत ने फीता काटकर फायरिंग रेंज का विधिवत शुभारंभ किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर 7 सीजी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल लोकेश देव, एनसीसी अधिकारीगण, कैडेट्स, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में विचार रखते हुए कुलपति प्रो सारस्वत ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में स्थापित यह फायरिंग रेंज एनसीसी कैडेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे उन्हें निशानेबाजी का नियमित एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण परिसर में ही उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कैडेट्स को बेहतर अभ्यास सुविधाओं की आवश्यकता होती है। फायरिंग रेंज की स्थापना से कैडेट्स की तकनीकी दक्षता, एकाग्रता, धैर्य एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिससे वे भविष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा रक्षा सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर 7 सीजी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल लोकेश देव ने विश्वविद्यालय प्रशासन को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि फायरिंग रेंज की उपलब्धता एनसीसी प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाएगी। इससे कैडेट्स को नियमित अभ्यास का अवसर मिलेगा तथा उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायता मिलेगी। ए प्लस ग्रेड प्राप्त पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण संबंधी गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। विश्वविद्यालय में फायरिंग रेंज की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विश्वविद्यालय में एनसीसी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक एनसीसी प्लाटून की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसका संचालन 10 नवंबर से किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य लाभ के लिए कपालभाती, प्राणायाम जरूरी

### अनुराग भवन, राजकिशोर नगर में चल रहा योग अभ्यास शिविर

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारियों के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ शिव अनुराग भवन, राजकिशोर नगर में आयोजित योग अभ्यास शिविर के तीसरे दिन मंजू दीदी ने बताया कि सही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए कपालभाती, प्राणायाम का कम से कम 5 मिनट लगातार अभ्यास करना जरूरी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीदीजी ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल की वैज्ञानिक एवं विवेकपूर्ण संरचना पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग प्रोटोकॉल को इस प्रकार तैयार किया गया है कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार इसका लाभ उठा सके।



योगाभ्यास में पहले सरल चालन क्रियाओं और आसान आसनों से शुरुआत की जाती है, फिर धीरे-धीरे मध्यम और उसके बाद कठिन अभ्यासों की ओर बढ़ा जाता है। यही क्रम शरीर को सुरक्षित रखते हुए उसकी क्षमता और लचीलेपन का विकास करता है। कपालभाति प्राणायाम को 1 सेकंड में एक बार की आवृत्ति रखते हुए कम से कम 5 मिनट अर्थात 300 झटके लगाना जरूरी है तभी सकारात्मक परिणाम हमें मिलेगा। इसे हृदय रोगियों को धीमी गति से करनी चाहिए। यदि नियमित रूप से योग को जीवन का हिस्सा बना लिया जाए तो व्यक्ति लंबे समय तक सक्रिय और ऊर्जावान रह सकता है। प्रतिभागियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ सदस्य 90 वर्षीय शरद बलहाल उन्नत आयु के बावजूद पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास में भाग ले रहे हैं। विशेष रूप से वृक्षासन जैसे संतुलन आधारित आसन को भी वे अत्यंत सहजता और आत्मविश्वास के साथ कर लेते हैं। उनकी सक्रियता और ऊर्जा ने युवा प्रतिभागियों को भी प्रेरित किया।

# अमरनाथ यात्रा के लिए एक हजार से ज्यादा ने कराया रजिस्ट्रेशन

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर साल अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वाले यात्रियों का जत्था बढ़ रहा है। इस बार 3 जुलाई से यात्रा शुरू होनी है। जुलाई के स्लॉट के लिए अब तक एक हजार से ज्यादा भक्तों ने पंजीयन कराया है। वे अलग-अलग माध्यमों से कश्मीर पहुंचेंगे और अमरनाथ की यात्रा करेंगे। 28 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए बैंक और ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। हर साल अमरनाथ यात्रा में जाने वाले अमर शर्मा ने बताया कि उन्हें जुलाई में रजिस्ट्रेशन नहीं मिल पाया, इस वजह से वे यात्रा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। जुलाई के अधिकांश स्लॉट लगभग भर चुके हैं, जबकि अगस्त की उपलब्ध तारीखों में पंजीयन हो रहा है। वहीं अगस्त के पहले सप्ताह की बुकिंग चल रही है। अधिकांश लोग 12 अगस्त के पहले तक की बुकिंग चाह रहे हैं। इसके बाद की सीटों पर बुकिंग धीमी है।

### 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी यात्रा शहर से 30 जून को रवाना होगा पहला जत्था





### 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी

रजिस्ट्रेशन पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक की तय शाखाओं के जरिए हो रहा है। खबर है कि मार्ग में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है।

### दुर्घटना बीमा को 5 से बढ़ाकर 10 लाख तक

वेबसाइट पर श्राइन बोर्ड द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार देशभर में अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। यात्रा के पहलगाम और बालटाल मार्ग से यात्रा होती है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और पहला रूट सुविधा के लिए इस बार अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने दो फैसले लिए हैं। पहला-दुर्घटना बीमा राशि दोगुनी कर दी गई है। श्राइन बोर्ड ने यात्रा में पंजीकृत तीर्थ यात्रियों, पुजारियों और सेवा प्रदाताओं के लिए दुर्घटना बीमा राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया है।

मौसम की मार और कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पुराने कपड़ों के टेंटों के स्थान पर फाइबर और लोहे से बने आधुनिक प्रीफैब यूनिट तैयार किए जा रहे हैं। दुर्ग से चैनसुख भट्टर और उनके सहयोगियों द्वारा सेवाएं दी जाती है। शिव शक्ति सेवा मंडल चीचा वाले के नाम से यह संस्था लंगर और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करती है। यात्रा 3 जुलाई से बालटाल-सोनमर्ग और पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग से शुरू होगी। 57 दिन की यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन और सावन पूर्णिमा के दिन संपन्न होगी। रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए थे।

## खबर संक्षेप

### बाम्हू में 8 जून से पांच दिवसीय योग शिविर



**बिलासपुर।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति द्वारा बेलतरा क्षेत्र के ग्राम बाम्हू स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में 8 से 12 जून तक प्रातः 5:30 से 7:30 तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि योग शिविर में जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास बिलासपुर गोविंद तिवारी, जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति बिलासपुर डॉक्टर के के श्रीवास्तव एवं प्रशिक्षित योग शिक्षक प्रशिक्षण देंगे।

### क्रिकेट किट पाकर उत्साहित हुए युवा खिलाड़ी



**लोरमी।** ग्राम करूहानार में आयोजित समाधान शिविर ग्रामीण युवाओं के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। शिविर के दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामाग्री प्रदान कर लाभान्वित किया। इसी क्रम में ग्राम करूहानार की टीम-11 को क्रिकेट किट प्रदान की गई, जिससे गांव के युवा खिलाड़ियों में उत्साह की नई लहर दौड़ गई। ग्राम के युवाओं ने बताया कि अब तक वे सीमित संसाधनों के बीच क्रिकेट का अभ्यास करते थे। पर्याप्त खेल सामग्री नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार पुराने और अनुपयुक्त उपकरणों से ही अभ्यास करना पड़ता था, जिससे खेल के प्रति उनका उत्साह प्रभावित होता था।

### नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी जेल दाखिल



**तखतपुर।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 26 मई की रात 8 बजे प्रार्थिया पानी लेकर घर जा रही थी तभी आरोपी राकेश गोस्वामी उर्फ राकू बदनीयती से छेड़छाड़ करने लगा और तभी प्रार्थीया किसी तरह हाथ छुड़ाकर भाग खड़ी हुई इसके बाद उसने परिजनों को अपनी जानकारी दी फिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थीयां की रिपोर्ट पर चुलघट रोड़ निवासी आरोपी राकेश गोस्वामी उर्फ राकू के खिलाफ पास्को एक्ट 8 तथा 75,1,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

## निधन

### गिरधर शर्मा



**बिलासपुर।** बदरा ब्राम्हण निवासी गिरधर शर्मा का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जून को गंगानगर से सुबह 11 बजे मुक्तिधाम सरकंडा के लिए निकलेगी। वे केशव दुबे के भाई और उत्कर्ष दुबे के पिता थे।

### दुर्गा प्रसाद रावत



**बिलासपुर।** भूतपूर्व सैनिक दुर्गा प्रसाद रावत का 2 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जून को बहतराई में किया गया। वे संजय रावत, स्व. संदीप रावत के पिता, सौमित्र रावत एवं सोमेन, स्पर्श रावत के दादा थे।

# 64 वर्षों से नियमित रूप से सायकल चला रहे मल्हार के बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

**विश्व सायकल दिवस पर विशेष**

स्वस्थ शरीर का राज सायकल है इसलिए तो 76 की उम्र में भी 60 जैसी ताजगी और फुर्तीलापन है। यह राज है मल्हार के 76 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक व पत्रकार ओमप्रकाश पांडेय का जो पिछले 64 वर्षों से नियमित रूप से सायकल चला रहे हैं। सायकल के प्रति इतनी दीवानगी है कि आज तक मोटर सायकिल चलाना भी नहीं सीखा। श्री पांडेय का मानना है कि ताउम्र फिट रहना है तो सायकल चलाना अनिवार्य है। यही वजह ही कि आज भी 5 से 7 किलोमीटर तक सुबह मल्हार व आसपास के गांवों तक सायकल चलाते हैं। उनका कहना है कि साइकिल दिवस हर साल 3 जून को मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य साइकिल को परिवहन के सरल, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल साधन के रूप में बढ़ावा देना है। इससे भी बड़ी बात है कि हमें शारीरिक फिटनेस, प्रदूषण मुक्त पर्यावरण और सतत विकास के लिए साइकिल अपनाने के प्रति जागरूक करता है। साइकिल दिवस मनाने के पीछे कई महत्वपूर्ण पहलू और लाभ छिपे हुए हैं। साइकिल परिवहन का एक ऐसा साधन है जो शून्य प्रदूषण पैदा करता है। इसका उपयोग वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने में मदद करता है। टीकरी पारा के वरिष्ठ नागरिक अवध प्रजापति कहते हैं कि अन्य वाहनों की तुलना में साइकिल खरीदना और उसका रखरखाव करना बेहद सस्ता है। यह आम आदमी के लिए यात्रा का सबसे सुलभ माध्यम है।

**बढ़ती है फेफड़ों की कार्यक्षमता** - डॉ हर्षदेव नापित कहते हैं कि नियमित रूप से साइकिल चलाने से हृदय मजबूत होता है, फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है और वजन नियंत्रित रहता है साथ ही मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। साइकिल चलाने से शरीर में एंडोर्फिन नाम का हार्मोन निकलता है, जो मूड को अच्छा करता है और मानसिक तनाव को कम करता है।

## दीवानगी इतनी कि आत तक नहीं सीखा बाइक चलाना



### सायकल चलाना फायदेमंद

वार्ड 9 के पार्षद रामफल कांत भी सायकल के दीवाने हैं वे अपने वार्ड में घूमने के अलावा कोई भी काम के लिए सायकल से ही जाते हैं जिससे उनको अच्छा लगता है। उनका कहना है कि छोटी दूरी की यात्रा के लिए साइकिल का उपयोग करने से शहरों में ट्रैफिक जाम और भीड़ कम होती है और ईंधन खपत नहीं होने से पैसे भी बचते है इसलिए हर तरह से सायकल चलाना फायदेमंद है।

## नगर वासियों ने की तत्काल सुधार कराए जाने की मांग

# घरों में हो रही गंदे पानी की सप्लाई, बीमारी का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए चलाई जा रही अमृत मिशन योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार के दौरान बेतरतीब खुदाई के कारण घरों में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है जिसके कारण नगर वासियों में भारी नाराजगी है। नगरवासियों ने इसे तत्काल सुधार कराए जाने की मांग की है।

नगर के वार्ड क्रमांक 7 के निवासी आनंद पांडे ने बताया कि उनके घर में पिछले कई दिनों से नल से गंदा पानी आ रहा है। उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका और वार्ड पार्षद से शिकायत भी की, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उनका कहना है कि पाइप लाइन विस्तार कार्य शुरू होने के बाद से ही यह परेशानी बनी हुई है और कई परिवार इससे प्रभावित हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नई पाइप लाइन डालने के लिए की गई खुदाई के दौरान कई स्थानों पर पुरानी पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है। अमृत मिशन योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार का कार्य बसंल इंफ्रास्ट्रक्चर को सौंपा गया है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा तकनीकी मानकों और गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए कार्य किया जा रहा है। कई स्थानों पर सड़कों की खुदाई के बाद मरम्मत कार्य भी अधूरा या निम्न गुणवत्ता का किया गया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।



### दोषियों पर हो कार्रवाई

नगरवासियों का कहना है कि कार्य की पर्याप्त निगरानी नहीं की गई और शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई भी नहीं हुई। इसके कारण लोगों को गंदे पानी की समस्या के साथ-साथ टूटी सड़कों और अव्यवस्थित निर्माण कार्य का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन, नगर पालिका और संबंधित विभाग से मांग की है कि गंदे पानी की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा अमृत मिशन योजना के तहत हुए कार्यों की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कराई जाए।

### सुधार कराया जाएगा

कुछ स्थानों पर पाइप लाइन टूटने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद सुधार कार्य कराया गया है। एक-दो जगहों पर कार्य शेष है, जिसकी जल्द जांच कर आवश्यक सुधार कराया जाएगा।

**-अमरेश सिंह सीएमओ,** नगर पालिका, तखतपुर।



# लुतरा शरीफ मदरसे में बच्चों को मिले डिजिटल पैड और खेल संसाधन

**सीपत।** प्रसिद्ध दरगाह लुतरा शरीफ से संचालित मदरसे में अब बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक सुविधाएं और तकनीकी संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के मार्गदर्शन में दरगाह इंतजामिया कमेटी ने मदरसे के 60 बच्चों के लिए टी-शर्ट, लोवर, जूते, डिजिटल पैड और खेल सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की है। इन सामग्रियों का बुधवार को रायपुर स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय में विधिवत विमोचन किया गया।

कमेटी का कहना है कि बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना प्राथमिकता है, ताकि वे भविष्य में हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कर सकें। राजधानी स्थित छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड कार्यालय में बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फैसल रिजवी, दरगाह इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सिराज, पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सलाम रिजवी तथा समाजसेवी शहर सीरत सीरतुन्नबी कमेटी रायपुर के सदर सोहेल सेठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। डॉ. सलीम राज ने कहा कि मदरसे में बच्चों को दीन की तालीम के साथ हिंदी, अंग्रेजी और कंप्यूटर शिक्षा भी दी जा रही है।

# केंवट समाज ने भवन आबंटन के लिए दिया आवेदन



**तखतपुर।** केंवट समाज ने भवन आबंटन तथा मछली बिक्री के लिए जगह चिंहांकित करने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ एवं सीएमओ अमरेश सिंह को आवेदन दिया गया है।

आवेदन में केंवट समाज ने कहा है कि पूर्व में विधायक द्वारा उन्हें सामुदायिक भवन दिया गया था जिसे समाज के नाम आबंटित करने की कार्यवाही करें तथा समाज के लोगों के द्वारा मछली बिक्री की जाती है परंतु इसके लिए कोई स्थायी जगह नहीं है जिसके कारण परेशानी होती है।

अतः मछली बिक्री के लिए एक स्थान चिंहित किया जाए जहां पर बैठकर मछली की बिक्री हो सके और खरीददार वहां पहुंच सके। आवेदन देने वालों में अध्यक्ष राजकुमार केंवट सहित विजय केंवट, विष्णु केंवट, कुशल केंवट, राम प्रसाद, खेमचंद, संतोष, आयुष, सूरज, राम कुमार, संतोष, लक्ष्मण, दिलीप, कौशिल्या, सरस्वती, खुशी, अंजू, त्रिवेणी सहित अन्य उपस्थित रहे।



डा. बांधी को सम्मानित करते कार्यकर्ता।

# भाजपा के प्रदेश कोर ग्रुप में शामिल हुए डॉ. बांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

छत्तीसगढ़ भाजपा के हालिया संगठनात्मक पुनर्गठन में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी को प्रदेश कोर ग्रुप का सदस्य बनाया गया है।

संगठन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णय मंचों में शामिल इस जिम्मेदारी को पार्टी नेतृत्व द्वारा उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक योगदान की मान्यता माना जा रहा है। प्रदेश कोर ग्रुप में शामिल होने के बाद रविवार को डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी सीपत पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान किया। डा. बांधी ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की विचारधारा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता निरंतर कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर भाजपा बिलासपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, सीपत मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, मंडल महामंत्री हरिकेश गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मदनलाल पटनवार, युवा मोर्चा जिला महामंत्री तुषार चंद्राकर, बलराम पटनवार, ललित यादव, आशीष बांकरे, रमनगिरि गोस्वामी, पवन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीईओ ने किया गुनगुनाता गणित पुस्तक का विमोचन

**लगरा।** प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए गणित विषय को सरल, रोचक एवं आनंददायक बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए विकासखंड बिल्हा के सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार काछी ने ₹गुनगुनाता गणित₹ नामक पुस्तक का लेखन किया है। इस पुस्तक का विमोचन मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टांडे ने किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप तैयार की गई यह पुस्तक कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर लिखी गई है। पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें गणित के बुनियादी विषयों जैसे गिनती, पहाड़े, समय का ज्ञान, भिन्न तथा अन्य अवधारणाओं को सरल कविताओं, मधुर गीतों और आकर्षक तुकबंदियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इससे बच्चे खेल-खेल में सीखते हुए गणित के प्रति रुचि विकसित कर सकेंगे।




पुस्तक का विमोचन करते अफसर।

लेखक प्रवीण कुमार काछी ने बताया कि गणित को अक्सर बच्चों द्वारा कठिन विषय माना जाता है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए विषयवस्तु को गीतात्मक एवं बाल-अनुकूल स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है, ताकि सीखना सहज, आनंदमय और स्थायी बन सके। पुस्तक के विमोचन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टांडे ने इस नवाचारपूर्ण प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक प्रयोग विद्यालयी शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं विद्यार्थियों के लिए रुचिकर बनाते हैं। इस अवसर पर टीएलएम विशेषज्ञ एवं नवाचारी शिक्षक कलेश्वर साहू, विशाल जायसवाल, आशीष पटेल, दिलीप कश्यप सहित शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती अर्पणा लाल पति श्री हरिश लाल निवासी मिशन कंपाउंड, करगी रोड, कोटा जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) ने भूमि स्वामी श्रीमती मोनिका पटेल, पति श्री नीलेश पटेल निवासी मंगला चौक बिलासपुर की स्वामित्व हक की भूमि स्थित ग्राम मंगला प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) जिसका खसरा नंबर 1384/4/क रकबा 0.0240 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर के प्रारंभिक कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है तथा भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन कराया जाएगा। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक, शासकीय एवं अर्धशासकीय या किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सो सूचना जाने।

दिनांक - 03/06/2026
कोटा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़

**द लॉ ऑफ़िस ऑफ़**
**डॉ.अर्पित लाल एण्ड एसोसिएट हाऊस नंबर 3481, आकाश मार्ग, शुभम विहार, मंगला, बिलासपुर (छत्तीसगढ़।)**
**मो. 9131362474**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग**

सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना पत्र

प्रति, आवेदक /आवेदिका आर.के. अग्रवाल पि. स्व. रामकिशोर बिलासपुर आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी 1. महेश पिता लतेश्वर 2. श्रीराम एग्रो 3. अन्य हितबद्ध सरहदी भूमिस्वामी 4. ग्राम कोटवार

विषय :- सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ:- न्याया. ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क./ना. तह./वा/2026 बोदरी दिनांक 07/04/26

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका आर.के. अग्रवाल पिता स्व. रामकिशोर जाति अग्रवाल निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम धमनी प.ह.न. 07 रानिमं व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 880/94, 880/95 रकबा. 0.800, 0.800 एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर / सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 11/06/26 को 11 से 2 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

टीप :- उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

**// आमसूचना //**

मैं अपने मुवक्किला सुनीता कश्यप, उम्र करीब 47 वर्ष, पिता स्व. रामवतार कश्यप, पति शिवनारायण कश्यप निवासी- गोकुल नगर, घुरू अमेरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत व नियुक्त कर, उनके कहे एवं बताये अनुसार निम्न आशय की आमसूचना का प्रकाशन कराता हूं। संबंधित पक्षकार दीपक कश्यप पिता स्व. रामवतार कश्यप, शरद कश्यप पिता स्व. रामवतार कश्यप, दोनों निवासी-जूना बिलासपुर, हाल मुकाम- ब्रिलियण्ट पब्लिक स्कूल के पास बहतराई, बिलासपुर छ.ग. वाले एवं आम जनता, वित्तीय, शासकीय, अर्द्ध-शासकीय संस्थायें एवं निकाय अवगत होवें कि मेरे मुवक्किला सुनीता कश्यप, स्व. रामवतार कश्यप की पुत्री है, उक्त कारण से उसका स्व. रामवतार कश्यप एवं उसकी पुश्तैनी संपत्ति पर पूर्ण रूप से विधिक हक, अधिकार, हिस्सा निहित है। वर्तमान में मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 312/2, 312/5, 315/8, .321/1, 331/12, 520/2, 521/1 रकबा क्रमशः 0.0120हे, 0.0200हे., 0.0730 हे., 0.0455हे., 0.0170हे., 0.0220हे., 0.0360हे. एवं ग्राम बहतराई, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 501/3 रकबा 0.2648हे., ख.नं. 501/20 रकबा 0.3013 हे. संपत्ति को दीपक कश्यप, शरद कश्यप वगैरह के द्वारा अवैध व विधि - विपरीत तरीके से अपने नाम पर दर्ज कराकर उपरोक्त सम्पत्ति को अवैध एवं विधि विपरीत तरीके से विक्रय किया जा रहा है। वर्तमान में कश्यप परिवार की सम्पत्ति को लेकर राजस्व न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय में मामला लंबित है एवं उपरोक्त संपत्ति सहित अन्य संपत्ति को लेकर मेरे मुवक्किला के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अतः कोई भी व्यक्ति, उपरोक्त संपत्ति को लेकर कोई भी क्रय, विक्रय, अंतरण, नामांतरण की कार्यवाही न करें, अन्यथा ऐसां समस्त संव्यवहार मेरे मुवक्किला के हितों के विपरीत होकर अवैध, विपरीत एवं शून्य होगा तथा क्रेता को कोई अधिकार प्राप्त नही होगा तथा वह न्यायालयीन कार्यवाही एवं उक्त मे आने वाले समस्त हर्ज, खर्च, परिणाम के जिम्मेवार होंगे।

दिनांक : 03.06.2026

भवदीय
**(मनीष वर्मा)**
**अधिवक्ता**
**साई निवास, विद्या नगर बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 02/06/2026

प्रति, 1. आवेदक प्रियंका अवकाश जैन पति अवकाश जैन आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. पल्लवी अग्रवाल 3. ममता चंदन 4. कालोनी शारदा विहार मोपका

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 08/05/2026

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1975/5 रकबा 0.0123 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक प्रियंका अवकाश जैन के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 16/06/2026 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 01/06/2026

प्रति, 1. आवेदक निशांत कुमार शुक्ला पिता स्व श्री बद्री प्रसाद शुक्ला आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. राजकुमार अंचल 3. अध्यक्ष सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति मोपका

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 21/05/2026

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1080/4 रकबा 2400 वर्गफुट हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक निशांत कुमार शुक्ला निवासी जावलपुर बलौदा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 12/06/2026 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग**

सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना पत्र

प्रति, आवेदक /आवेदिका नितिन अग्रवाल पि. श्री आर.के. अग्रवाल बिलासपुर आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी 1. ओमप्रकाश 2. अन्य हितबद्ध सरहदी भूमिस्वामी 3. ग्राम कोटवार

विषय :- सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ:- न्याया. ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क./ना. तह./वा/2026 बोदरी दिनांक 07/04/26

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका नितिन अग्रवाल पिता श्री आर.के. अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम धमनी प.ह.न. 07 रानिमं व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 888/94 रकबा. 0.80ए एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर / सीमांकन किये जाने हेतु न्याया. नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 11/06/26 को 11 से 2 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

टीपः उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सकर्रा (छ.ग.)**

तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
email: sakarrauptahsil@gmail.com

**// ईश्तहार //**

ग्राम-कोपरा तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कोपरा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश यादव पिता पुलीलाल निवासी कोपरा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर के द्वारा अपने दादा स्व. बिसाहू राम यादव पिता बुधवा की मृत्यु स्थान कोपरा दिनांक 10/9/2005 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म /मृत्यु ग्राम पंचायत कोपरा को छ.ग. जन्म /मृत्यु रजिस्ट्रार, अधिनियम, 1969 एवं छ.ग. जन्म /मृत्यु रजिस्ट्रार नियम, 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालाय में नियत पेशी दिनांक 4/6/26 तक अपना दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/5/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**उप तहसील सकर्रा**
**तहसील सकरी**

**कार्यालय रा.नि.मं. सकरी /हल्का पटवारी अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

// सीमांकन-स्थल निरिक्षण सूचना //

प्रति, 1. सुनीता महिलांगे पति अभिजीत महिलांगे 2. रमनदीप सिंह सलूजा 3. गुलाबा बाई 4. सुनीता वेंडर 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय :-सीमांकन/स्थल निरिक्षण मे उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ :-न्यायालय तहसीलदार/अति.तह. /ना.तह.सकरी के ज्ञापन दिनांक 30/04/26

संदर्भित विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन मे ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा न. 124/20 रकबा 0.0144 एकड/ हेक्टेयर भूमि स्वामी सुनीला महिलांगे पति अभिजीत महिलांगे निवासी अमेरी के द्वारा सीमांकन/बटांकन/स्थल निरिक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 04/06/2026 को लगभग 11:00 से 6:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि सम्बंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवम समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा मे आपत्ति स्वीकार्य नही होगा।

अतः सुचना जाने।

टीपः- विशेष परिस्थिति मे अपरिहार्य कारणो से सीमांकन/बटांकन/स्थल निरिक्षण तिथी मे परिवर्तन किया जा सकता हैं।

राजस्व निरीक्षक
सकरी, तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 2026052505000
अ-6-अ/2025-26
ग्राम भूलनकापा प.ह.नं. 19

**//नोटिस//**

प्रति, 1. लक्ष्मण दास पिता स्व. खेलनदास 2. नरेश दास पिता स्व. खेलनदास, 3. शांति बाई पुत्री स्व. खेलनदास, 4. इन्द्राणी पुत्री स्व. खेलनदास, 5. धनकुंवर पिता आशाराम, 6. अनीता बाई पुत्री स्व. खेलनदास साकिन भूलनकापा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका कृष्ण कुमार पिता स्व. होलीराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम भूलनकापा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम भूलनकापा प.ह.नं. 19 स्थित भूमि खसरा नम्बर 608 रकबा 0.4450 हे0 भूमि आवेदक गण के पिता के द्वारा पंजीकृत बैनामा से खरीदी गई भूमि है, किन्तु वर्तमान में अनावेदक गण के नाम पर दर्ज दिखा रहा है जिसे सुधार कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115 के तहत प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 16/06/2006 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 01/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय प.ह.नं.-14, रा.नि.मं. दगौरी, तहसील- विल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सूचना //**

प्रति,

1. सहिदा खातून पति मो. तसलीन 2. मोहम्मद कैसर पिता मो. इस्माइल 3. अबुल कलाम पिता मो. मकबूल 4. लता दुबे पति वाई एस दुबे 5. अर्जुन सिंह पिता काशीराम 6. बेदराम पिता घांसीराम 7. ईश्वर पिता राम्हू 8. शिवप्रसाद, शंकरलाल पिता सहोरिक 9. NHAI, बिलासपुर

विषयः सीमांकन / बँटवारा / स्थलजाँच / नक्शा बटांकन में मौके पर उपस्थिति बाबत।

संदर्भ :- न्याया. तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिल्हा के ज्ञापन क्रमांक //क्र./वा./तह./2026 बिल्हा दिनांक 27/04/26

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. असरफ पिता मीरहसन जाति मुसलमान निवासी ग्राम तिफरा तहसील एवं जिला बिलासपुर के आवेदन पर न्याया. श्रीमान तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिल्हा के आदेशानुसार ग्राम भोजपुरी प.ह.नं. 14 स्थित भूमि ख.नं. 58/5 रकबा 0.004 है. का सीमांकन / बँटवारा / स्थलजॉच नक्शा बटांकन दिनांक 13/06/26 को प्रातः 11:00 से 05:00 बजे के मध्य किया जाना है।

अतः आप उक्त दिनांक को समस्त अभिलेख के साथ समयानुसार मौके स्थल पर उपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा जिसके जिम्मेदार आप स्वयं रहेंगे।

टीपः उक्त निर्धारित दिनांक को अन्य शासकीय काम आ जाने की स्थिति में सीमांकन / बँटवारा /स्थलजॉच / नक्शा बटांकन की तिथि आगे बढ़ाई जा सकती है।

**पी.एस. पोर्ते**
**कार्यालय प.ह.नं.-14, रा.नि.मं. दगौरी, तहसील- विल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**



## साढ़े 10 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

# साय सरकार में मिल रही बिल्हा को नई पहचान: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 करोड़ 53 लाख रु की अधिक कि लागत से निर्माण होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

श्री कौशिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों के नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार विकास, सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ जनाकांक्षाओं को पूरा करने प्रतिबद्ध है। सुदृढ़ सड़कें न केवल आवागमन को सरल बनाएंगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को भी नई दिशा देगी. हमारा यही प्रयास है कि हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और क्षेत्र की प्रगति हो। महिला, युवा, किसान और हर समाज एवं वर्ग के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़कर बिल्हा की प्रगति में अपनी सक्रीय सहभागिता निभा रहे हैं। विकास कार्यों के साथ ही किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम नगरौड़ी मे 25 लाख रु कि लागत से समुदायिक भवन निर्मित होने वाला है। यह सामुदायिक भवन क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। सामुदायिक भवन का निर्माण क्षेत्र के सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण को नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।





### नागरिकों को मिलेगा लाभ: सवन्नी

क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने भी कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि स्थानीय लोग लंबे समय से इन विकास कार्यों की मांग कर रहे थे, जो अब जल्द पूरे होंगे। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं की ओर प्राथमिकता के साथ ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने गांव में कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि गांवों के विकास में कोई कमी नहीं हुई है।

### इन कार्यों का भूमिपूजन

3.75 मीटर चौड़ाई के दर्री–धूमा–सिलपहरी मार्ग जिसकी लागत 7 करोड़ 32 लाख 87 हजार रु है, इसके साथ ही ग्राम मोहभट्ठा में नेशनल हाईवे से रेल्वे क्रांसिंग, नेशनल हाईवे से मोहभट्ठा गांव एवं सलका रोड से शिव मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य जिसकी लागत 1 करोड़ 27 लाख 26 हजार रु है और 06 धान उपर्जान केन्द्र में बोर खनन पंप स्थापना एवं एप्रोज रोड निर्माण कार्य जिसकी लागत 1 करोड़ 68 लाख 12 हजारा रु है एवं ग्राम नागरौड़ी स्थित पावन कलुआ बाबा मंदिर परिसर मे 25 लाख रु की लागत से निर्मित हिने वाले समुदायिक भवन का कार्य शामिल है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, चंद्रप्रकाश सूर्या, जनपद सदस्य रमा रमेश मौर्य, बीपी सिंह, धूमा सरपंच पूजा विवेक पटेल, महामंत्री राजकुमार पटेल, मन्नू यादव, ढेका सरपंच मनीष घोरे, जगेंद्र कश्यप, हंसमुख कोठारी, संजय मुराना, शंकर कुशवाहा, मानिकपुर सरपंच सुनीता श्याम, उपसरपंच ढेका उषा साहू, दिनेश पांडेय, पेगन वर्मा (जिला उपाध्यक्ष), लव वास (मंडल अध्यक्ष), नरेश साहू (जनपद सदस्य), देवी कुमार (सरपंच), कुश साहू, पुन्नी साहू, रमन कौशिक, दिनेश कौशिक, ओमप्रकाश साहू सहित सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बिरयानी सेंटर में परोसी जा रही थी शराब, विभाग ने मारा छापा



जांच करती आबकारी विभाग की टीम।

**मुंगेली।** जिले में अवैध मदिरा के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा विशेष छापेमार अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट और भोजनालयों में आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस कार्रवाई के दौरान बस स्टैंड के समीप एक बिरयानी सेंटर से अवैध रूप से बेची जा रही शराब जब्त की गई। बिरयानी सेंटर में ग्राहक बनकर की गई जांच में अवैध शराब बिक्री की पुष्टि हुई। मौके से 18 नग पाव गोवा व्हिस्की (कुल 3.24 बल्क लीटर) बरामद कर संचालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। इसी क्रम में जवाहर वार्ड क्रमांक में एक मकान पर दबिश देकर अवैध रूप से शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के मामले में शराब एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। साथ ही सुरीघाट में कृपाराम डांडे के घर से अवैध शराब जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र पाण्डेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 128 आबकारी प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

## रुक्मणी विवाह प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति...



**मुंगेली।** श्री कृष्ण गौशाला, धनगांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रुक्मिणी विवाह प्रसंग का कथा व्यास पं. रामविलास शर्मा ने भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, नगर पालिका के सीएमओ होरी सिंह, जनपद के सीईओ संतोष घोसले, क्षत्रिय समाज की प्रदेश अध्यक्ष आनंद वल्लभ सिंह, संदीप सिंह, स्वेतगंगा मंडल के अध्यक्ष सुखचंद साहू, नगर पंचायत नवागढ़ उपाध्यक्ष सोम सिंह ठाकुर, शिव प्रताप सिंह, नागेश्वर सिंह, चंद्रभान बारमते, स्वतंत्र मिश्रा, नीरज यादव, शक्ति सिंह, रघुराज सिंह, जनपद सदस्य शामिल रहे। कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन में उपस्थित अतिथियों ने गौशाला एवं धार्मिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आयोजन समिति की सराहना की।

# वनांचल के दुर्गम क्षेत्रों में चार माह का खाद्यान्न भंडारण पूर्ण



**मुंगेली।** वर्षा ऋतु के दौरान वनाचंल के दुर्गम एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों के हितग्राहियों को खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के खाद्य शाखा द्वारा लोरमी विकासखण्ड के सभी 9 पहुंचविहीन क्षेत्रों मंद आगामी चार माह जून से सितंबर के लिए खाद्यान्न एवं आवश्यक उपभोक्ता सामग्रियों का शत-प्रतिशत भंडारण कर लिया गया है।

खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने बताया कि सुरही, निवासखार, अचानकमार, लमनी, कटामी, बिजराकछार, बोईरहा, झिरिया तथा महामाई सहित कुल 9 पहुंचविहीन क्षेत्रों की उचित मूल्य दुकानों में निर्धारित आवंटन के अनुसार चावल, शक्कर और नमक का भंडारण 31 मई तक पूर्ण कर लिया गया है। जिला प्रशासन की इस पहल से वर्षा ऋतु के दौरान मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हितग्राहियों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सकेगा। खाद्य अधिकारी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को समय पर राशन उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली गई हैं। यह अग्रिम भंडारण व्यवस्था न केवल खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले हजारों परिवारों को मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी से भी राहत दिलाएगी।

# पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सशक्त बनाने दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण शिविर में शामिल जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

**मुंगेली।** ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सशक्त एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के दिशा-निर्देशों एवं उप संचालक पंचायत एल.के. कौशिक के मार्गदर्शन में जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को साक्ष्य आधारित शासन, पंचायत उन्नति सूचकांक तथा ग्रामीण विकास की आधुनिक कार्यप्रणालियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में पंचायत उन्नति सूचकांक के विभिन्न मानकों पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि इस सूचकांक के माध्यम से पंचायतों के विकास कार्यों, सेवाओं की गुणवत्ता और जनहितकारी योजनाओं के प्रभाव का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जा सकता है। इससे पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा मिलेगा और विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी। समापन सत्र में उप संचालक पंचायत श्री कौशिक ने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करें तथा पंचायतों को विकास, पारदर्शिता और सुशासन का मॉडल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। सशक्त पंचायतें ही आत्मनिर्भर और विकसित ग्रामीण भारत की आधारशिला हैं।

# लालपुर थाना के कृषि केन्द्र का रद्द होगा लाइसेंस



**मुंगेली।** जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा जिले के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों एवं निजी कृषि केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति कोदवाबानी सहित लोरमी क्षेत्र के विभिन्न निजी कृषि केन्द्रों की जांच की गई। जांच के दौरान लालपुर थाना स्थित कृषि केन्द्र में अनियमितताएं पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा उसकी अनुज्ञा (लाइसेंस) निलंबित करने हेतु उप संचालक कृषि को प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं विकासखंड मुंगेली के एक कृषि केन्द्र के निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया और उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। जिला उर्वरक निरीक्षक मनहरण कुर्रे ने बताया कि जिले में रासायनिक उर्वरकों एवं बीजों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा किसानों को सुगमता से सामग्री उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रफुल्ल जायसवाल भी उपस्थित रहे।

# छात्रावासों में व्याप्त समस्याओं को लेकर सहायक आयुक्त को ज्ञापन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ की जिला इकाई मुंगेली द्वारा छात्रावासों की व्यवस्थाओं, छात्र-छात्राओं की सुविधाओं तथा अधीक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग मुंगेली को सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया।

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले जिले के सभी छात्रावासों में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। छात्रावास भवनों की मरम्मत, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, सुरक्षा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को समय रहते उपलब्ध कराने की मांग की गई, ताकि छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। बैठक में छात्रावासों में निवासरत छात्र-छात्राओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। अधीक्षकों ने सुझाव दिया कि सत्र प्रारंभ होने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सभी छात्रावासों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच हो सके तथा किसी भी बीमारी का प्रारंभिक स्तर पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।



आयुक्त से मुलाकात करते छात्रावास अधीक्षक।

इसके अलावा आगामी सत्र 2026-27 के लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश संबंधी प्रक्रिया, सीटों के निर्धारण, पात्र विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश उपलब्ध कराने तथा छात्रावास संचालन को सुचारु रूप से संचालित करने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। संघ ने मांग की कि प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए, जिससे दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। संघ के पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाने वाली शिष्यवृत्ति की वर्तमान राशि को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई और शैक्षणिक आवश्यकताओं को देखते हुए वर्तमान शिष्यवृत्ति राशि पर्याप्त नहीं है। इस संबंध में सहायक आयुक्त से आग्रह किया गया कि वे उच्च स्तर पर पत्राचार कर शिष्यवृत्ति राशि में वृद्धि के लिए आवश्यक पहल करें। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र निर्मलकर, जिला सचिव विनय साहू, जिला संरक्षक डी. एल भास्कर, अश्वनी बंजारा, एच.डी. डहरिया, गंगोत्री भगत, कुंदन यादव, गरिमा दुबे, विवेक कुमार, रवीना बानो, सुरेंद्र राजपूत, विक्रम क्षत्रिय, विकास, निकिता शर्मा, ओमप्रकाश राठौर, चांदनी जयसिंघानी, रजनी रात्रे, बरखा बंजारे, प्रीति शुक्ला सहित जिले के विभिन्न छात्रावासों के अधीक्षक एवं अधीक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# लाइफ लाइन अस्पताल का औचक निरीक्षण



**मुंगेली।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जिला मुख्यालय स्थित लाइफ लाइन अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जांच के दौरान आयुष्मान योजना से संबंधित सूचना पट्टों, निर्धारित बेडों के चिन्हांकन, लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों तथा अस्पताल संचालन के विभिन्न मानकों में कमियां पाई गईं। सीएमएचओ डॉ. शीला साहा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णतः निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रशांत ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## शक्ति केंद्र प्रतापपुर में भाजपा की बैठक



**मुंगेली।** ग्रामीण मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र प्रतापपुर में बैठक आयोजित की गई। बूथ अध्यक्ष समस्त पदाधिकारी और एवं शक्ति केंद्र के प्रभारी समस्त पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रति माह अपने बूथ एवं शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन के बात जरूर सुने और प्रति माह कार्यक्रम का उपस्थिति रजिस्टर जरूर बनाएं। साथ ही अपने-अपने बूथ में शासन कि जो योजनाएं के बारे में जरूर बताएं। साथ ही मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास ने कहा बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे इन्हीं शब्दों के साथ कार्यक्रम मंच संचालन चंद्रहास गोस्वामी महामंत्री ने की। इस अवसर पर युवा मोर्चा महामंत्री उमेश विश्वकर्मा, वीरेंद्र साहू सहित कार्यकर्ता रहे।

# भाजपाइयों ने लिया संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी का जिला कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में संपन्न हुआ। कार्यशाला में आगामी विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकसित भारत-बदलता भारत अभियान 7 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। साथ ही इन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति भी किया गया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला प्रभारी एवं मुख्यवक्ता ज्योतिनंद दुबे, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र वैष्णव, नरेन्द्र शर्मा, शीलू साहू, शिवप्रताप सिंह, राणा प्रताप सिंह, विनय साहू, मानिक सोनवानी एवं नागेश्वर सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों को मंडल एवं बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से आयोजित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी द्वारा दिया गया। उन्होंने संगठन की आगामी गतिविधियों एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित राजनितिक प्रस्ताव का वाचन किया गया, जिसका सभी ने समर्थन किया। जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी रूपरेखा एवं क्रियान्वयन की योजना प्रस्तुत किया। वहीं प्रदेश द्वारा पारित नक्सली उन्मूलन प्रस्ताव का वाचन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र वैष्णव ने किया जिसका उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कैलाश सिंह ने किया तथा अंत में जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी जनपद पंचायत लोरमी अध्यक्ष वर्षा सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सरगांव परमानंद साहू, रामेश्वर बंजारा, सुनील पाठक, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवकुमार बंजारा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश यादव, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, नागेश्वर जायसवाल, पोषण यादव, संजय राजपूत, सुखचंद साहू, राजेंद्र साहू, मोहन भोजवानी आदि मौजूद थे।




कार्यशाला में भाजपा नेता।

## महिन्द्रा ट्रैक्टर शो रूम में मना किसान सम्मेलन



बिजनेस प्लस

**मुंगेली।** महिन्द्रा ट्रैक्टर शो रूम सैम ग्लोबल में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन पश्चात कृषक विशल दास ने नई ट्रैक्टर की खरीदी की। किसानों को टीएम अंकित सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैक्टर डिलिवरी के साथ किसानों को कम तेल खपत में ट्रैक्टर किस तरह चलाना है। आज के विपरीत परिस्थिति में सिर्फ महिन्द्रा ट्रैक्टर ही किसानों का भरोसा जीता है। महिन्द्रा ट्रैक्टर अधिक कार्यो को कम तेल खपत में करता है। सैम ग्लोबल महिन्द्रा ट्रैक्टर शो रूम डीलर अभिषेक सिंह ने किसानों को जिफर प्रदान किया। डीलर श्री सिंह ने बताया कि किसानों को महिन्द्रा ट्रैक्टर खरीदने पर प्रोत्साहित करने के लिये उन्हें आकर्षक गिफ्ट भी दिया जा रहा है। 5 जून को महिन्द्रा ट्रैक्टर के जोनल मैनेजर रमेश राठौर सैम ग्लोबल आ रहे हैं। जोनल मैनेजर किसानों से आज की परिस्थिति में किस तरह किसान महिन्द्रा ट्रैक्टर के साथ अपना विकास और व्यापार बढ़ा सकता है। इसकी जानकारी देने आ रहे है। किसान विशल दास ने महिन्द्रा ट्रैक्टर की खूबियों को देखते हुए तत्काल ट्रैक्टर की बुकिंग कर ट्रैक्टर की खरीदी की। इस अवसर पर जनरल मैनेजर अनुज वर्मा, एफओ महेन्द्र कुमार कुषवाहा, पूरन जायसवाल, युसुफ खान, राजकुमार यादव, गोविंद साहू, पिताम्बर कश्यप, विशल दास आदि ने ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### चलती गाड़ी का दरवाजा खोला, स्वास्थकर्मी घायल




**बिलासपुर।** चलती स्कार्पियो को दरवाजा खोलने से पीछे से आ रहा बाइक सवार स्वास्थकर्मी टकराकर घायल हो गया। पुलिस ने स्कार्पियो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा बंधवापारा निवासी आशीष सिंह सीएमएचओ आफिस में जिला समन्वय के पद पर पदस्थ हैं। 2 जून को दोपहर 1.30 बजे वे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एव्ही, 2761 से साथी मातासाल को पीछे बैठाकर उसलापुर रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे थे। स्टेशन रोड लोको पायलेट ट्रेनिंग सेंटर के पास सामने जा रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 एएम, 4139 के चालक ने अनाचक दरवाजा खोल दिया। जिससे वे टकराकर बाइक सहित गिर गए। हादसे में श्री सिंह को गंभीर चोट आई और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लोहे की पट्टी से हमला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस चौकी मल्हार क्षेत्र के अंतर्गत शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक के साथ गाली-गलौज कर लोहे की पट्टी से मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,प्रार्थी उज्जवल अवस्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पूर्व परिचित आरोपी मनीष चौहान 40 वर्ष निवासी मल्हार उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने गालियां देते हुए लोहे की पट्टी से उस पर जानलेवा हमला कर दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने बीएनस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मनीष चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की पट्टी भी जब्त कर ली। आरोपी को माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### चाकू लहराकर डराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकंडा पुलिस ने डीएलएस कॉलेज अशोक नगर के पास हाथ में धारदार बटनदार चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर को सूचना मिली कि हनुमान मंदिर के पास चाकू लहराकर आतंक का माहौल बना रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर संदेही कैलाश साहू 27 वर्ष निवासी अशोक नगर को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 10 इंच का लंबा स्टील का बटनदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ थाना सरकंडा में आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

---

**खपरगंज में बिजली गुल** | नागरिक पहुंचे सिटी कोतवाली, झूठी रिपोर्ट का किया विरोध

# बिजली अफसरों पर झूठी रिपोर्ट लिखाने का आरोप, थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खपरगंज में बिजली गुल तथा बिजली कर्मचारियों के द्वारा झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के मामले में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा शहजादी कुरैशी पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन खपरगंज के नागरिकों के साथ सिटी कोतवाली पहुंचे।

बिजली विभाग के कर्मचारियों की ओर से वार्ड नं 31 खपरगंज में रहने वाले कुछ लोगों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में रिपोर्ट को रद्द करने तथा झूठी रिपोर्ट वापस लेने, रिपोर्ट दर्ज करने वाले के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग को लेकर थाने का घेराव किया। बुधवार की दोपहर खपरगंज के लोगों ने सिटी कोतवाली थाने का घेराव किया और झूठा मामला रद्द करने की मांग की है। सुधांशु मिश्रा कहना कि बिजली विभाग के कर्मचारी के द्वारा 5 दिन बाद किसके दबाव मे झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई और जिसने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। सिटी कोतवाली पुलिस ने शहनवाज मकवाना के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जबकि शहनवाज मकवाना ने ही बिजली गुल होने की जानकारी विद्युत वितरण कंपनी को दिया था। जनता पर दबाव


थाने का घेराव करते कांग्रेसी।

बनाने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी इस तरह की झूठी कहानी बना रहे हैं। 28 मई को जब रात को बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे तो खपरगंज में बिजली गुल होने से लोग परेशान थे। वार्ड की पार्षद शहजादी का कहना है कि बिजली कर्मचारियों को साथ किसी प्रकार की मारपीट नहीं हुई है, बिजली विभाग ने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। विभाग की ओर से जिस युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है वह तो मौके पर ही नहीं था। उसने सिर्फ बिजली गुल होने की जानकारी कंट्रोल रूम में दी थी। खपरगंज के लोग सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर झूठी रिपोर्ट के मामले में शिकायत रद्द करने के लिए और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर भी आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग रखी है। जावेद मेमन का कहना है खपरगंज में 28 मई को लगातार बिजली गुल हो रही थी। शाम 6 बजे से लोग परेशान थे और रात 12 बजे वार्ड में अंधेरा था। घटना के दिन रात को किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ। बिजली विभाग के अधिकारियों ने भी शांतिपूर्ण बिजली मरम्मत की बात कही थी। तेलीपारा फीडर में भी काफी स्थिति यहां हमेशा बिजली बंद हो जाती है। रात भर बिजली गुल होती है अचानक किसी भी समय बिजली चली जाती है, लोगों को गुस्सा तो आना स्वाभाविक है। अगर झूठी रिपोर्ट वापस नहीं ली जाती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

---

अशोक नगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जा रहा

# अशोक नगर चौक में फिर टूटी पाइप लाइन हजारों लीटर पानी बहता रहा सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जा रहा है। इस सड़क निर्माण के दौरान बुधवार को अशोकगर चौक के पास पानी पाइप लाइन फूट गई। इससे सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बहने लगा। साथ पहले से गड्ढों से परेशान इस सड़क पर कीचड़ हो गया और लोग परेशान हुए। दरअसल यह सड़क निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके लिए अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। इस नाली को छात्रावास के आगे बने कल्वर्ट में जोड़ा जा रहा है।

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाए। साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। फिलहाल जो नाली बन रही है उसमें भी कुछ चहेते लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नाली सीधी बननी है लेकिन उसे जगह-जगह से मोड़ दिया गया है।



### कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे, दुर्घटना की आशंका

निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। खुदाई के दौरान अमृत मिशन की पानी सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहता रहता है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

### पैदल चलना तक मुश्किल

इस सड़क की हालत यह है कि अशोकनगर चौक से लेकर आगे बिजली आफिस और फिर बिरकोना रोड तक यहां से पैदल गुजरना तक मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है। आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है।

---

# ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा से लोहे के कबाड़ भरे 4 वाहन जब्त, ड्राइवर भाग निकले



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा में दबिश देकर लोहे के कबाड़ से भरे 4 भारी वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस को देखकर चारों गाड़ी के ड्राइवर फरार हो गए हैं।

3 जून को चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली परसदा ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा में लोहे के कबाड़ से भरे 4 ट्रक खड़े हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देने पहुंचे तो दूर से पुलिस की गाड़ी को देखकर चारों गाड़ी के ड्राइवर भाग गए। गाड़ियों की तलाशी लेने पर लोहे का कबाड़ भरा हुआ मिला। पुलिस ने बीएनएस की धारा 106 के तहत कबाड़ से भरा चारों वाहनों को थाने ले जाकर जब्त कर जांच में जुट गई है।

### एक गाड़ी ट्रांसपोर्ट नगर के कबाड़ी की

टीआई श्री शेंडे ने बताया, जब्त गाड़ियों में एक गाड़ी ट्रांसपोर्ट नगर के कबाड़ी जसमुद्दीन खान उर्फ बबलू पिता कुतुबुद्दीन खान 50 साल की है। वहीं तीन अन्य गाड़ियां वहां बिक्री करने के लिए अलग अलग जगहों से आई हुई थी। पूर्व में कबाड़ी जसमुद्दीन खान के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

### सिरगिट्टी पुलिस ने एक कबाड़ी की गाड़ी को छोड़ा

बीती रात सिरगिट्टी थाना के दो आरक्षकों ने कबाड़ लेकर जा रहे गाड़ी को रोककर ड्राइवर को पकड़ लिया। खबर है कि एक आरक्षक टीआई बनकर कबाड़ी से बातचीत कर पैसे की मांग करते हुए थाना बुलाया। जिससे भागते हुए कबाड़ी थाने पहुंचा। दूसरे दिन बिना कार्रवाई के कबाड़ से भरी गाड़ी को छोड़ दिया गया है। टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, आरक्षकों के द्वारा कबाड़ी गाड़ी को रोका गया था। कबाड़ी के द्वारा दस्तावेज सही दिखाने पर छोड़ दिया गया है। पैसा मांगने की शिकायत नहीं की गई है।

---

# 48 बोतल बियर की तस्करी करते पकड़ा गया आरोपी


जब्त बियर की बोतलों के साथ आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

48 बोतल बियर बोतल की अवैध तस्करी करते हुए जीआरपी ने आरोपी को पकड़ा है, जिसके पास से बियर बोतल जब्त करने के बाद आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जीआरपी और आरपीएफ की टीम लगातार नशीले पदार्थो के अवैध परिवहन के खिलाफ जांच कर रही है।

इसी तरह बुधवार की सुबह बिलासपुर जीआरपी के सहायक उपनिरीक्षक प्रभारी विश्वनाथ चक्रवर्ती और स्टाफ स्टेशन में चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नम्बर 4-5 पर ट्रेन 22906 शालीमार से ओखा जाने वाली एक्सप्रेस पहुंची। इसके एसी कोच बी 1 से एक यात्री उतरा और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे जीआरपी की अीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति के देवभूमि द्वारिका गुजरात निवासी नवीन भाथरिया भा सुमानिया पिता थारिया भा सुमानिया 31 साल की जानकारी मिली। उसके पास रखे दो काटूर्न को चेक करने पर 48 नग बियर की बोतल निकली, जिसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होने के बाद जीआरपी की टीम ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पकडा गया मुम्बई से फरार पाक्सो एक्ट का आरोपी

मुम्बई से फरार पाक्सो एक्ट के आरोपी को जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र मुम्बई के कांदिवली के धारा 74, 75 बीएनएस पाक्सो एक्ट की धारा 8 के आरोपी डोनी सरकार फरार होकर मुम्बई से अपने गृह ग्राम मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल जाने के लिए गीतांजली एक्सप्रेस में अपने रिश्तेदार निखिल सरीकार के साथ सफर कर रहा था। मुम्बई पुलिस से आरोपी की फोटो और सूचना मिलने के बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने ट्रेन के स्टेशन पहुंचने पर गीतांजली एक्सप्रेस की चेकिंग की, जिसमें मुम्बई का फरार आरोपी डोनी सरकार पकड़ा गया। कागजी कार्रवाई करने के बाद जीआरपी ने आरोपी को मुम्बई पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

---

### पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस से एक लाख का गांजा जब्त

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने आपरेशन नारकोस के तहत अभियान चलाकर पुरी से गांधीधाम के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में सफर करने वाले एक व्यक्ति के पास से एक लाख का गांजा जब्त किया है। आरपीएफ के प्रधान आरक्षक राजेश कुमार ने 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर पहुंचने के बाद जनरल कोच से एक संदिग्ध व्यक्ति को उतरते देख रोककर पूछताछ की। उक्त व्यक्ति गोंदिया आमगांव निवासी शीतल चीनधालोर के पास रखे बैग की तलाशी लेने पर करीब एक लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया। पूछताछ और जांच करने के बाद आरपीएफ ने आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया, जहां जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# अतिक्रमण हटाने गए रेलवे स्टाफ को दिखाया चाकू

**बिलासपुर।** बुधवारी बाजार में अतिक्रमण की कार्रवाई करने गई आरपीएफ और बाजार विभाग की टीम के कर्मचारियों को विवाद की सामना करना पड़ा। इस दौरान एक गन्ना रस दुकान के युवक ने कर्मचारी को चाकू दिखाकर धमकाने कोशिश की, जिसे आरपीएफ ने पकड़कर तोरवा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।



रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बुधवारी बाजार में लगातार अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ आरपीएफ और बाजार विभाग एवं आईओडब्लू की टीम अतिक्रमण की कार्रवाई करती है। बाजार में दुकान लगाने वालों से प्रतिदिन के हिसाब से 75 से 80 रुपए भी लिया जाता है, जिसके एवज में ठेले वाले, छोटे दुकानदार और अन्य व्यापारी अपनी दुकानों का संचालन करते हैं। वहीं कई लोग जगह मिलने पर अपना तम्बू लगाकर बेधड़क दुकान लगाना शुरु कर देते हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद सुबह रेलवे कर्मचारी आरपीएफ स्टाफ के साथ दुकानों को हटाने की कार्रवाई करने के लिए पहुंचे। इस दौरान एक गन्ना रस की दुकान को हटाने के नाम पर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जहां एक युवक सोनू जायसवाल ने कर्मचारी को मारने के लिए चाकू निकाल लिया। इससे मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आरपीएफ की टीम ने युवक को पकड़कर तोरवा पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जहां युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरपीएफ प्रभारी नंद बहादुर ने बताया कि उक्त युवक नशीले इंजेक्शन लेता है, जिसने गन्ना छीलने वाले चाकू को कर्मचारी पर अड़ा दिया था।

